वर्ष- 21 अंक - 338 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, रविवार 24 मई 2026

# फिर बचे ट्रंप
# व्हाइट हाउस के पास 25 राउंड फायरिंग
## घटना के वक्त परिसर में मौजूद थे राष्ट्रपति ट्रंप

**खुद को यीशु मसीह समझता था हमलावर, हुआ ढेर**

**इसके पहले भी हो चुके हैं हमले, बेटी की भी हत्या की साजिश का हुआ था खुलासा**



जब चली गोलियां तो जान बचाकर भागी महिला पत्रकार

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में प्रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स 'व्हाइट हाउस' के पास आज ताबड़तोड़ गोलियां चलने से हड़कंप मच गया। घटना के समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में ही मौजूद थे।

व्हाइट हाउस के पास गोलीबारी करने वाला संदिग्ध हमलावर यूनाइटेड स्टेट्स सीक्रेट सर्विस के जवानों की जवाबी कार्रवाई में घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई एक और व्यक्ति के घायल होने की सूचना है।

व्हाइट हाउस परिसर के बाहर करीब 25 गोलियां चलने की आवाज सुनी गई। हमला करने वाले व्यक्ति की पहचान नेसिर बेस्ट के रूप में हुई है। खुद को यीशु मसीह समझने वाले इस व्यक्ति ने व्हाइट हाउस के चेकपॉइंट पर गोलीबारी की, जिसे सीक्रेट सर्विस ने नाकाम कर दिया।

नेसिर बेस्ट की उम्र 21 साल है। उसने रिवॉल्वर से कुछ राउंड फायर किए, लेकिन तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए उसे मार गिराया गया।

सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत पूरे इलाके को लॉकडाउन कर दिया। हालांकि अधिकारियों ने साफ किया कि हमलावर व्हाइट हाउस की मुख्य सुरक्षा सीमा तक पहुंच ही नहीं पाया और ट्रंप पूरी तरह सुरक्षित रहे।

जांच में सामने आया है कि नसीर बेस्ट पहले भी कई बार सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर आ चुका था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जून 2025 में उसे सीक्रेट सर्विस एजेंटों को धमकी देने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। इसके बाद जुलाई 2025 में वह एक प्रतिबंधित इलाके में घुसने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया था। अधिकारियों का कहना है कि युवक मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से पीड़ित था।

### जान बचाती दिखीं पत्रकार

रोज की तरह व्हाइट हाउस के बाहर पत्रकार रिपोर्टिंग कर रहे थे। वहां मौजूद एक महिला पत्रकार भी रिपोर्टिंग कर रही थीं। गोलीबारी की आवाज सुनते ही पत्रकार तुरंत अपनी पोजीशन छोड़कर टेबल के नीचे छिपती दिखीं। ये पूरा मंजर उसी कैमरे में कैद हो गया, जिससे वो रिपोर्टिंग कर रही थीं।

## न्यूज़ ब्रीफ...

### भोजपुरी स्टार खेसारीलाल भी भाजपा में शामिल होंगे



**पटना.एजेंसी।** मनोज तिवारी, रविकिशन, निरहुआ, पवन सिंह जैसे भोजपुरी स्टार पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं। अब एक और भोजपुरी स्टार खेसारीलाल यादव भी लालू की पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो सकते हैं। खेसारी लाल भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के जन्मदिन पर उन्हें बधाई देने पहुंचे। इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। इस मुलाकात से यह अटकलें लग रही हैं कि उत्तरप्रदेश के चुनाव से पहले खेसारीलाल भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

### बंगाल के फलता में भाजपा को बंपर लीड

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के फलता में हुए पुनर्मतदान के बाद आज मतगणना हो रही है। पहले राउंड की मतगणना के बाद भाजपा आगे चल रही है। मतदान से पहले ममता की पार्टी तृणमूल के प्रत्याशी जहांगीर खान ने चुनाव मैदान से हटने का ऐलान किया था। अंतिम समाचार मिलने तक भाजपा प्रत्याशी देवांशु पांडा 2000 वोट से आगे चल रहे हैं जबकि चुनावी मैदान से हटे तृणमूल प्रत्याशी जहांगीर खान को सिर्फ 210 वोट मिले हैं। इसी तरह कांग्रेस के अब्दुल रज्जाक को 225 और सीपीआईएम के शंभूनाथ कुर्मी को सिर्फ 448 वोट मिले हैं।

### तेलंगाना में भीषण गर्मी से 16 की मौत
**अरुणाचल में आई बाढ़, कई पुल-मकान गिरे**

**रविवार.एजेंसी।** तेलंगाना में भीषण गर्मी के कारण 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि अरुणाचल में भारी बारिश से बाढ़ गई और कई पुल-मकान गिर गए। कश्मीर में भी बारिश हुई, ओले गिरे और बर्फबारी भी हुई। उधर हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का मजा लेने के लिए भारी भीड़ पहुंच गई जिसके कारण कई किमी तक लंबा जाम लग गया।

### अंतिम सांस तक जेल में रहेंगे मौलाना

**हमीरपुर.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में एक मस्जिद में 11 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाले मौलाना को अदालत ने आखिरी सांस तक जेल में रहने की सजा सुनाई है।

### कोयला खदान में ब्लास्ट, 90 की मौत

**बीजिंग.एजेंसी।** चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई। जिस समय धमाका हुआ, उस वक्त खदान के अंदर 247 मजदूर काम कर रहे थे। अभी यह साफ नहीं है कि कितने लोग अब भी अंदर फंसे हुए हैं।

## जेल में हिंसा, दीवार तोड़ी, आग लगाने की भी कोशिश

**कपूरथला.एजेंसी।** पंजाब की कपूरथला जेल में उस समय हड़कंप मच गया जब जेल परिसर एक हिंसक अखाड़े में तब्दील हो गया। एक कैदी से हुई मामूली कहासुनी के बाद कैदियों और विचाराधीन कैदियों के बीच खूनी झड़प शुरू हो गई। देखते ही देखते आक्रोशित कैदियों ने जेल की दीवार तोड़ दी। जेल में आग लगाने की कोशिश की। मौके पर पहुंची पुलिस पर भी हमला करने का प्रयास किया। एक कैदी को गोली लगने की भी खबर है।

## एक साल में गिर जाएगी मोदी सरकार
### मुस्लिमों से कहा- अपने आपको मुस्लिम बोलने से डरे नहीं



**नई दिल्ली.एजेंसी।** कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति की बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बड़ा राजनीतिक बयान देते हुए कहा कि अगले एक साल के भीतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदाई तय है। बैठक के दौरान कुछ नेताओं ने मुस्लिम शब्द की जगह 'अल्पसंख्यक' शब्द इस्तेमाल करने की अपील की। इस पर राहुल गांधी ने असहमति जताते हुए कहा कि डरने की जरूरत नहीं है, जिस वर्ग के साथ अन्याय हो, उसके साथ खुलकर खड़ा होना चाहिए।

## जयपुर में बस और भोपाल में कार ने दर्जनों लोगों को रौंदा

**रविवार.एजेंसी।** जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले के कारण रुके हुए वाहनों को तेज रफ्तार स्लीपर बस ने रौंद दिया। बस की चपेट में आकर 8 कारें क्षतिग्रस्त हो गई और कुछ लोग घायल भी हो गए। इधर भोपाल में एक छात्र ने कल रात को अंधाधुंध कार चलाते हुए कई लोगों को रौंद दिया जिससे 40 लोग घायल हो गए।

## खत्म होगी ईरान जंग

**रविवार.एजेंसी।** अमेरिका ने दावा किया है कि ईरान से युद्ध अब खत्म होने वाला है। अमेरिका के मुताबिक ईरान प्रस्तावित समझौते के तहत अपने संवर्धित यूरेनियम का जखीरा छोड़ने को तैयार हो गया है और जल्द ही होर्मुज स्ट्रेट भी खुल जाएगा।

## बीमार महिला ने जताई महाकाल दर्शन की इच्छा, दर पर ली अंतिम सांस



**उज्जैन ● एजेंसी**

महाराष्ट्र के नासिक में रहने वाली 50वर्षीय महिला लम्बे समय से बीमार थी। हालात बन गए थे कि वह खुद चलने में भी असमर्थ थी। इस पर महिला ने इच्छा जताई कि उसे बाबा महाकाल के दर्शन करना है। परिस्थितियों को देख पत्नी की इच्छा पूरी करना उचित समझा और उसे लेकर उज्जैन आ गए जहां बाबा महाकाल के दर पर महिला ने अंतिम सांस ली। पति भेरुलाल अपरिचित शहर में जब अकेले पड़ गए तो उनकी मदद के लिए समाजसेवी आगे आए और महिला का अंतिम संस्कार उज्जैन में ही करवाया। कुल मिलाकर महिला की अंतिम इच्छा भले ही अधूरी रह गई लेकिन कुछ लोगों ने बाबा महाकाल के दर पर हुई मृत्यु को मुक्ति मिलने वाला बताया।

# दयालु के बहादुर का पानी मुद्दा महापौर ने कांग्रेसी पार्षदों के मत्थे फोड़ा

## सुबह लाल पहुंचे थे दादा के यहां नाराजगी की बारात लेकर, बाद में विधायक पहुंचे जालसभागृह, जहां अधिकारी और नेता थे मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





इंदौर में भीषण जल संकट चल रहा है, ऐसे में अब राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम भी किया जा रहा है। अब जनप्रतिनिधि जनता के गुस्से से बचने के लिए अपना बचाव कर अपने से बड़ेवालों के पास मामला पहुंचा रहे हैं। कल सुबह वार्ड 26 के पार्षद लालबहादुर वर्मा पानी की समस्या और अपने क्षेत्र में वॉल्व की समस्या को लेकर वहां की सैकड़ों की नाराजगी वाली जनता को लेकर बहादुर लाल होते हुए दादा दयालु के घर नन्दा नगर पहुंचे थे, जबकि मेंदोला के सामने कोई भी पार्षद और भाजपा पदाधिकारियों की आवाज नहीं निकलती है। नन्दानगर निवास से जैसे-तैसे विधायक मेंदोला ने मामले को आगे बढ़ाया था और कल दोपहर जब जालसभागृह में समान नागरिक कानून को लेकर बड़ी बैठक हुई तो उस समय विधायक रमेश मेंदोला, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर, अभिषेक शर्मा बबलू, पार्षद लालबहादुर वर्मा सहित अन्य भाजपाई वहां पहुंच गए। रमेश मेंदोला ने फोन कर मधु वर्मा को भी बुला लिया, लेकिन महेन्द्र हार्डिया वहां मेंदोला के फोन के बाद भी नहीं पहुंचे थे और बंद कमरे में पार्षद से लेकर एमआईसी सदस्य और विधायक से लेकर महापौर और अधिकारियों की चर्चा भी हुई और यही पर वार्ड 26 में एक टंकी बनाने की घोषणा की गई। इस पर भी प्रश्न उठा कि टंकी जल्द और आसानी से नहीं बन जाती है, इसमें समय लगेगा। इधर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस बैठक के बाद बाहर आकर मीडिया से चर्चा में पूरा मामला कांग्रेसी पार्षद के सिर पर फोड़ दिया। महापौर ने कहा कि वार्ड 26 में हमारे पार्षध लालबहादुर वर्मा जनता की सेवा में पानी सही सप्लाय करा रहे थे और दो कांग्रेसी पार्षद वार्ड 45 की सोनिला मिमरोट और 46 की शेफू आकाश कुशवाह ने वॉल्व में छेड़छाड़ कर पानी अपनी तरफ ले लिया, जबकि दोनों ही कांग्रेस पार्षद लालबहादुर पर वॉल्व में छेड़खानी का आरोप लगा रहे हैं, जो भी हो कल वार्ड 26 के पार्षद लाल ने जिस तरह की बहादुरी मेंदोला के सामने पहुंचकर दिखाई थी उसका असर यही हुआ कि दोपहर में पहली बार विधानसभा 2 में उठे पानी के मुद्दे की अंगुली को हल करने के लिए बैठक भी कर ली। महापौर ने बयान में साफ कहा कि हमारे पार्षद लालबहादुर वर्मा तो क्षेत्र की जनता को पानी देने की पूरी कोशिश कर रहे हैं और अब हम उनके वार्ड में टंकी भी बनवाएंगे। महापौर ने दोनों कांग्रेसी पार्षद सोनिला मिमरोट और शेफू कुशवाह को बयान में गलत बताया, जबकि निगम अधिकारियों ने इस वॉल्व मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस पार्षद को बैठाकर पूर्व में मीटिंग भी ली थी सभी ने हां की थी, लेकिन लालबहादुर ने बाहर आकर निगम के निर्णय से मना कर दिया था। कल जब विधायक मेंदोला ने महापौर से वार्ड 26 में पानी की टंकी बनाने की घोषणा करवा दी, उसके बाद लालबहादुर वर्मा ने भी सोशल मीडिया पर टंकी के लिए दादा दयालु का आभार करवा दिया। इस तरह लाल ने जो बहादुरी दिखाई थी उसका नतीजा मिल गया, लेकिन मीडिया की सुर्खियों में दादा दयालु के घर पर पानी दो... पानी दो... के नारे भी गूंजे और इस गर्मी के सत्र में पानी की कमी का प्रदर्शन में पहला हो गया।

# विधायक और पार्षद दिलवा रहे हैं खेल मैदान की सौगात

## शासकीय बाल विनय मंदिर में बन रहे हैं खेल के कोर्ट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



विधानसभा पांच के वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के बड़े सरकारी स्कूल शासकीय बाल विनय मंदिर प्रांगण में पढ़ने वाले हजारों छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए विद्यालय परिसर में क्षेत्रीय पार्षद और निगम एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़ियां और विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से सरकारी स्कूल में खेल मैदान का विकास किया जा रहा है। जिसके तहत इस मैदान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बास्केटबॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे पारंपरिक खेलों को एक स्थान पर अलग-अलग कोर्ट में खेलने की सुविधा मिलेगी। जिसका वर्तमान में तेजी से निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### बच्चों के पसंद की स्पोर्ट्स ऐक्टिविटी की प्रेक्टिस के लिए मिलेंगी सुविधा

खास बात यह है कि इसके लिए निगम द्वारा लाखों रुपए खर्च कर वार्ड 47 के प्रमुख सरकारी स्कूल बाल विनय मंदिर प्रांगण में छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा के साथ खेलों से जोड़ने के लिए स्कूल परिसर में ही खाली जगह पर अलग-अलग कोर्ट बनाकर पारंपरिक खेलों को खेलने के लिए पर्याप्त जगह दी जा रही है। यही नहीं जिसके लिए विद्यालय में खाली पड़ी जगह पर खेल मैदान का निर्माण और विकास कार्य किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को अपने पसंदीदा खेल-खेलने और प्रैक्टिस करने की सुविधा भी मिलेगी। वर्तमान में इसको लेकर शासकीय विद्यालय में निर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहा है। जो आने वाले दिनों में शुरू होने वाले मानसून सीजन से पहले जल्द पूरा कर लिया जाएगा। जिसका फायदा भविष्य में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नए शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ मिलेगा। इसका पूरा श्रेय विधायक के माध्यम से एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया को जा रहा है।





# सरपंच ने स्टाटर का स्वीच दबाकर शुरू कराया पानी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** धार रोड स्थित बांक पंचायत क्षेत्र के दम मदार बेड़ा पार बाबा की गली में विगत दिनों बोरिंग की सौगात सरपंच सोहराब पटेल ने दिलवाई थी, अब पाइप, मोटर, केबल डलने के बाद उसे शुरू कराया गया। कल सरपंच पटेल ने खड़े रहकर मोटर डलवाई और फिर स्टाटर का स्वीच दबाकर पानी की सौगात दी और पहला पानी आया तो उस पानी को पौधों में डलवाया गया, जिससे खुशी की लहर पानी की इस कमी के समय पानी आने पर जाहिर की गई।

# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का भी निगम चुनाव पर ध्यान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अगले साल जुलाई में नगर निगम के चुनाव संभावित है। इस निकाय चुनाव को लेकर जहां भाजपा और कांग्रेस पहले से अलर्ट है वहीं आम आदमी पार्टी ने भी अपने राजनीतिक कदम ठोस उठाना शुरू कर दिए हैं। इधर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के युवा विंग की निगाह भी निगम चुनाव पर टिकी हुई है। युवा विंग ने भी बैठक आयोजित कर संगठन विस्तार की बात हुई। युवा विंग के राष्ट्र अध्यक्ष धीरज शर्मा ने बैठक को संबोधित किया और कहा कि संगठन युवाओं को जोड़े, उनके रोजगार अवसर पर भी काम करें। ज्यादा से ज्यादा युवाओं को सदस्य बनाया जाए। जुलाई माह में राष्ट्रीय अधिवेशन म.प्र. में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का होगा, जिसमें सुमित्रा पंवार और पार्थ पंवार भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय महासचिव जानकी पाण्डेय ने भी उद्‌बोधन दिया। वहीं सचिन कोठारी, धीरज मिश्रा, सुभाष मिश्रा सहित अन्य ने भी अपनी भूमिका निभाई।



# पूर्व विधायक पटेल ने भगवान श्रीराम के दर्शन किए, भंडारे में बने यजमान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूर्व विधायक और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने अयोध्याधाम पहुंचकर वहां भगवान श्रीराम के दर्शन किए, पूजन कर आरती भी की गई। सत्यनारायण पटेल संतों के सानिध्य में भक्त माल सीताराम दास महाराजजी के आश्रम में आयोजित भंडारे के यजमान बने। बडी संख्या में इन्दौर के कांग्रेसी भी मौजूद रहे।



# सांसद का मुख्यमंत्री को महिला हित के लिए पत्र

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सांसद शंकर लालवानी ने महिलाओं को आर्थिक और औद्योगिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर विशेष इंडस्ट्रीयल महिला झोन बनाने का मांग पत्र प्रेषित किया। इससे महिला उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने के लिए बेहतर अवसर और सुविधाएं मिल सकें। सांसद लालवानी नें इंदौर शहर में जमीन उपलब्ध करवाने की मांग मुख्यमंत्री से की है ताकि महिला उद्यमियों को आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े। विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।महिलाओं के उद्योग और उद्यमिता क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए विशेष औद्योगिक सुविधाएं और समर्पित विकास मॉडल तैयार किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रस्तावित वुमेन ग्रोथ हब के माध्यम से महिला उद्यमियों को रेडी-टू-यूज इंडस्ट्रियल स्पेस, आवश्यक आधारभूत सुविधाएं, प्रशिक्षण और सहयोग उपलब्ध कराया जा सकता है। इससे विशेष रूप से छोटी और मध्यम महिला उद्यमियों को अपना उद्योग स्थापित करने में मदद मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।



# पानी के लिए जनता के सड़क पर आने से जनप्रतिनिधि चिंतित

## भाजपाई बोल रहे हैं कैसे भी पानी की व्यवस्था निगम करे ठीक, नहीं तो आगे और आन्दोलन के संकेत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**महेश मूंगड़ ( 9827369587 )**

इन दिनों शहर के 85 वार्डो में जबर्दस्त जल संकट दिखाई दे रहा है। निजी और सरकारी बोरिंग सूख चुके हैं, दूसरी तरफ प्राइवेट बोरिंग वाले 700 से 800 रु. 3 हजार लीटर पानी टैंकर के ले रहे हैं। अगर एक ही क्षेत्र में कई जगह पानी भराया जाता है तो टैंकर वाले 1200 से 1500 रु. एक टैंकर में कमा रहे हैं। कुल मिलाकर पानी की कमी को लेकर अब जनता अपने ही जनप्रतिनिधियों के खिलाफ सड़क पर आकर आक्रोश दिखा रही है। इसकी शुरूआत सबसे पहले विधायक महेन्द्र हार्डिया के यहां से हुई थी और नतीजा यह हुआ था कि हार्डिया का आक्रोश मीडिया के समक्ष दिखाई दे रहा था और उस मामले में नगर निगम के साथ महापौर भी लपेटे में आए थे। बाद में भले ही हार्डिया और भार्गव में सुलह हो गई हो, लेकिन विधानसभा 5 में अभी भी जल संकट बरकरार है। विधायक मधु वर्मा के घर भी रहवासी पानी दो...पानी दो...के नारों के साथ पहुंचे थे, कांग्रेसियों ने भी वर्मा के खिलाफ प्रदर्शन किया था और कल विधायक रमेश मेंदोला के घर खुद भाजपा पार्षद लालबहादुर वर्मा सैकड़ों लोगों के साथ पहुंच गए थे। इधर कांग्रेस ने भी अलग-अलग वार्डों में पानी दो...पानी दो...के नारों के साथ नारेबाजी करते हुए घेराबंदी शुरू कर रखी है। पानी मुद्दे पर आज भी कांग्रेस दो वार्डों में धरना-प्रदर्शन कर रही है। इसमें निगम सभापति मुन्नालाल यादव का भी वार्ड शामिल है, जिसमें मुन्नालाल से निकट से हारे विनोद यादव बब्बू पानी पर प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं राऊ विधानसभा के वार्ड 75 में कुणाल सोलंकी पानी को लेकर आज प्रदर्शन कर रहे हैं और इसी पानी मुद्दे पर महापौर से कांग्रेस मंगलवार को धरना देकर इस्तीफा मांगेगी। पानी संकट की गूंज इंदौर में पिछले सप्ताह जमकर गूंजी, जिसकी आवाज भोपाल तक पहुंची और परेशानी भाजपा पार्षद से लेकर विधायक और नेताओं तक दिखाई दे रही है। वह बात अलग है कि इस पानी मुद्दे से सांसद शंकर लालवानी अभी तक अछूते हैं उन्होंने कोई पहल पानी को लेकर नहीं की और ना ही लोगों ने उनके घर पर हंगामा किया है। इधर विधानसभा 4 के वार्ड 72 के महावर नगर में भी कांग्रेसी पानी मुद्दे पर धरना, प्रदर्शन, जाम करेंगे। इन मुद्दों पर भाजपा के जनप्रतिनिधि और नेताओं की नाक में दम हो गया है। जल्द ही अब भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि, नगर निगम से पानी की समस्या हल करने के लिए बात कर रहे हैं। इधर जनता और कांग्रेस का जिस तरह से रूख दिख रहा है। उससे भाजपा के जनप्रतिनिधि यह मान रहे हैं कि आगे और स्थिति आन्दोलन की सख्त होगी। अगर जलसंकट की स्थिति को जल्द नहीं संभाला गया और जल वितरण की व्यवस्था को ठीक नहीं किया तो और परेशानी आगे और खड़ी होगी, इसका खामियाजा सीधे-सीधे भाजपा के जनप्रतिनिधियों को उठाना पड़ेगा, जानकारों का कहना है कि तीन दिनों में करीब पौने पांच रु. लीटर पेट्रोल का भाव बढ़ चुका है उस मूल्य वृद्धि के बाद भी इतना विरोध रोड पर नहीं आया, जितना पानी के संकट पर चौतरफा विरोध की आवाज उठ रही है। पानी की कमी ने एक जन आन्दोलन खड़ा कर दिया है, इससे पार्षद भी इस बात से चिंतित है कि उन्हें अगले साल जनता की अदालत में जनमत लेने पहुंचना है। पार्षद चिंतित है वहीं विधायक तनाव में हैं कि उनके घर, कार्यालय जनता फिर से घेरने ना पहुंच जाए। इधर नगर निगम अधिकारी भी चिंतित है कि जहां नर्मदा की लाइन है वहां कुछ तो पानी पहुंचाया जा रहा है, लेकिन जहां नर्मदा की लाइन नहीं है वहां टैंकर से जल सप्लाय के बाद भी मांग बढ़ी हुई है। ऐसे में कब कहां से पानी की कमी का विरोध खड़ा हो जाए इस पर भी जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारियों में भी तनाव पैदा कर रही है।

## गेंदर की स्मृति में होगी कल भजन संध्या

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गोविंद गेंदर नेताजी की स्मृति में पुत्र पार्षद योगेश गेंदर कल शाम 7 बजे से सरोज वाटिका एयरपोर्ट थाना के समीप भजन संध्या का आयोजन करा रहे हैं। प्रहलाद गेंदर, विपुल गेंदर, संजय प्रजापत भजनों की प्रस्तुति देंगे।

# विजयवर्गीय के गृह क्षेत्र में पानी की समस्या पर कांग्रेस का प्रदर्शन

## सभापति मुन्नालाल यादव है पार्षद



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पास नगर निगम से संबंधित मंत्रालय है और इन दिनों कैलाश विजयवर्गीय इंदौर में पानी के संकट पर दिखाई भी नहीं दे रहे हैं और उनके बयान भी नहीं आ रहे हैं। आज विधानसभा 2 के वार्ड 27 में पानी की कमी को लेकर कांग्रेसियों ने झोन 5 बापट चौराहा सुखलिया पर धरना, प्रदर्शन शुरू किया। उल्लेखनीय है कि मुन्नालाल यादव विजयवर्गीय के गृह क्षेत्र नन्दानगर के वार्ड से ही चुनाव अपने ब्याईसगे से चुनाव बमुश्किल से जीते थे और आज कांग्रेस नेता विनोद यादव बब्बू ने पानी की समस्या पर झोन और पान की टंकी के बाहर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेसी यहां पहुंचे। पानी दो.. पानी दो.. के नारे गुंजाए। बताया जा रहा है कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इन दिनों दिल्ली में व्यस्त है और इंदौर पानी से त्रस्त है और आज इसीलिए उनके गृह क्षेत्र के वार्ड में पानी की समस्या पर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। आज कांग्रेस के राऊ विधानसभा के वार्ड में कुणाल चौधरी ने भी पानी समस्या पर धरना प्रदर्शन किया। इस तरह आज भी पानी की समस्या पर दो मामले गुंजाए गए। विनोद यादव बब्बू, श्याम यादव, राजू भदौरिया, राजेश चौकसे, गोपाल यादव, लोकेश हडिया, अंकित चौधरी, कान्हा पटेल, बंटी जायसवाल, कपिल हेडाऊ सहित अन्य मौजूद थे।

## दिग्विजय सिंह सरकार में विजयवर्गीय ने कराई थी पानी की व्यवस्था

जब प्रदेश में दिग्विजय सिंह सरकार थी और इंदौर से महापौर कैलाश विजयवर्गीय बने थे वे विधायक भी थे उस समय भी पानी की समस्या इंदौर में खड़ी हुई थी। 25 साल पहले विजयवर्गीय को समस्या हल करने के लिए जुझारू नेता माना जाता था और उन्होंने दिग्विजय राज में पानी की समस्या हल कर लोगों को पानी देने के भरपूर प्रयास किए थे और आज इंदौर में भी पानी का जल संकट खड़ा हो गया है। इंदौर में विजयवर्गीय के अलावा तुलसी सिलावट भी मंत्री है, सांसद के रूप में शंकर लालवानी के अलावा कविता पाटीदार भी सांसद है। सारे विधायक भाजपा के हैं, ज्यादातर पार्षद विधायक भाजपा के है, फिर भी पानी की समस्या हल नहीं हो रही है, इस पर लोग पूछ रहे हैं कि अब विजयवर्गीय पानी समस्या को हल करने के लिए इस समय संघर्षशील क्यों नजर नहीं आ रहे हैं।

# कांग्रेस के धरना में पटवारी और प्रभारी के साथ वरिष्ठ नेता भी होंगे शामिल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि शहर में निगम की अदूरदर्शिता और महापौर पुष्यमित्र भार्गव की नीति के खिलाफ कांग्रेस का 26 मई की शाम 5 बजे राजवाड़ा पर धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इस धरना के माध्यम से कांग्रेस महापौर पुष्यमित्र भार्गव से इस्तीफे की मांग करेगी और शहर के 85 वार्डों की जनता को समय पर पानी देने की मांग करेगी। निगम में हो रहे भ्रष्टाचार और अन्य मुद्दों को भी यहां गुंजाया जाएगा। धरना आयोजन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आने की भी स्वीकृति मिल गई है। वहीं दोनों प्रभारी बाला बच्चन, पंकज उपाध्याय, सत्यनारायण पटेल, शोभा ओझा सहित अन्य भी मौजूद रहेंगे। इस आयोजन के लिए कांग्रेस ने सभी ब्लाक, मंडलम अध्यक्षों के अलावा सभी पदाधिकारी और मोर्चा संगठन को भी भीड़ के साथ पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

## दादा ने दयालु बनकर संत के चरण दबाकर लिया आशीर्वाद



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दो नम्बर के विधायक रमेश मेंदोला ने कल टीला गद्दाचार्य मंगल पीठाधीश्वर 1008 माधवाचार्य महाराज के दर्शन का लाभ लिया। इंदौर आगमन पर कई संतों ने माधवाचार्य महाराज का स्वागत किया था। माधवाचार्य के साथ संतों की टोली भी आई हुई है। इन सभी का हंसदास मठ में सम्मान का आयोजन किया था। रमेश मेंदोला ने माधवाचार्य महाराज के दर्शन के बाद नीचे जमीन पर बैठकर संत के चरण दबाकर आशीर्वाद लिया।

# कांग्रेस ने कहा-महापौर के पास गलत जानकारी

## महापौर की सोच पर आपत्ति, कहा इस्तीफा दे दो

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बयान जारी कर कहा कि देश और प्रदेश के बाद इंदौर नगर निगम में भी भाजपा की परिषद ट्रिपल इंजन के रूप में हैं। भाजपा की पूरी मशीनरी और सरकार फेल हो चुकी है। इंदौर के महापौर को यह भी पता नहीं है कि किस पार्षद ने एलएनटी द्वारा डाली गई नर्मदा लाइन में हेराफेरी की है। वार्ड 26 में पार्षद द्वारा अधिकारियों के माध्यम इंटर कनेक्शन करवाकर वॉल्व डलवाया और पानी लिया, लेकिन कल महापौर ने जिस तरह से विधायक रमेश मेंदोला के कहने पर बयान देकर पूरा दोष कांग्रेस के दो वार्ड 45 और 46 क्री पार्षद सोनिला मिमरोट, शेफू कुशवाह पर आरोप लगाया वह गलत है, जबकि छेड़छाड़ वार्ड 26 में की गई है और पानी पहले से वार्ड 45 और 46 में जा रहा था। चौकसे ने कहा कि वार्ड 26 की जनता को भी पानी मिले यह अच्छी बात है, लेकिन उसके लिए एलएनटी कम्पनी से अलग व्यवस्था करवाना चाहिए और पानी की टंकी भी बनवाना चाहिए। महापौर ने बगैर स्वीकृति के टंकी की घोषणा कर दी, जबकि टंकी निर्माण में समय लगता है। चौकसे ने कहा कि एलएनटी की लाइन में दो से तीन वॉल्व लगाकर पूरे पानी के सिस्टम को ठीक करना चाहिए, इससे पानी तीनों वार्ड 26, 45 और 46 में आसानी से मिलने लगेगा और पानी की दिक्कत भी नहीं होगी। चौकसे ने कहा कि महापौर की सोच ठीक नहीं है, कल भी उन्हें जैसा दूसरों ने बताया वैसे उठाकर बयान दे दिया। उन्हें वॉल्व की जानकारी ठीक से नहीं थी, भाजपा पार्षद को बचाकर कांग्रेसी पार्षदों के माथे मढ़ दिया। महापौर की सोच पर चौकसे ने आपत्ति ली और कहा कि नगर निगम इन दिनों नेतृत्वहीन हो चुका है वहां कोई सुनने और समझने वाला नहीं है। इसीलिए शहर में चारों तरफ लोग मटके लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, निगम से पानी की मांग कर रहे हैं, भाजपा के जनप्रतिनिधियों को कोस रहे हैं। इंदौर में दूषित पानी से 36 मौत के बाद अब लोग रोड पर निकल रहे हैं और मरने-मारने को तैयार है। कांग्रेस भी नहीं चाहती कि इंदौर के नाम पानी को लेकर कोई काला अध्याय जुड़े। विपक्ष की जिम्मेदारी है कि जनता की आवाज को बुलंद करना, महापौर जनता से माफी मांगे कि हमसे काम नहीं संभल रहा है और तुरंत इसी मुद्दे पर इस्तीफा देवे। इसी मुद्दे पर कांग्रेस 26 मई को राजवाड़ा पर प्रदर्शन करेगी और महापौर से इस्तीफा मांगेगी।

# पत्नी की हत्या के बाद पति ने जहर खाकर दी जान

## मासूम बेटी के रोने पर खुला बंद कमरे का राज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





हीरानगर थाना क्षेत्र के मेघदूत नगर में बीती रात एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक पति ने चरित्र शंका और प्रेम प्रसंग के विवाद में पहले अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी और फिर खुद भी जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इस खौफनाक वारदात का खुलासा सुबह तब हुआ, जब दोनों की मासूम बच्ची कमरे में शवों के पास बैठकर बिलख-बिलख कर रो रही थी। रोने की आवाज सुनकर आए पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं।

हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के मुताबिक, घटना सुबह करीब साढ़े छह बजे के आसपास उजागर हुई। मेघदूत नगर में रहने वाले हल्के वीर पटेल उर्फ हल्के सिंह और उनकी पत्नी का शव उनके ही बंद कमरे में मिला। सुबह जब काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुला और भीतर से हल्के सिंह की छोटी बेटी के लगातार रोने की आवाज आने लगी, तो आसपास के लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। पड़ोसियों ने तुरंत हीरानगर पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने जब दरवाजा तोड़ा, तो भीतर का नजारा देखकर सबके होश उड़ गए। महिला का शव लहूलुहान हालत में पड़ा था और पास ही हल्के सिंह भी मृत अवस्था में मिला। पुलिस की प्राथमिक जांच और आस-पड़ोस से मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा परिवार मूल रूप से होशंगाबाद का रहने वाला था और यहाँ किराए से रह रहा था। हल्के सिंह पीथमपुर की एक नामी पेस्टीसाइड्स कंपनी में नौकरी करता था। बताया जा रहा है कि हल्के सिंह की पत्नी का पीथमपुर में ही रहने वाले सुनील साहू नामक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ समय पहले ही हल्के सिंह को अपनी पत्नी और सुनील के इन संबंधों के बारे में भनक लगी थी, जिसके बाद से ही घर में लगातार गृहक्लेश और मानसिक तनाव की स्थिति बनी हुई थी। विवाद को सुलझाने और पत्नी के प्रेमी को चेतावनी देने के लिए हल्के सिंह शनिवार को अपने एक रिश्तेदार को साथ लेकर पीथमपुर भी गया था। वहां उसने सुनील साहू से मुलाकात की थी और उसे पत्नी से दूर रहने की बात कहकर समझाया भी था। वहां से लौटने के बाद रात में पति-पत्नी के बीच एक बार फिर इसी बात को लेकर भारी विवाद हुआ। तड़के गुस्से और अवसाद में आकर हल्के सिंह ने पहले अपनी पत्नी को मौत के घाट उतारा और फिर खुद भी कंपनी से लाया हुआ कीटनाशक या जहर गटक लिया। हीरानगर पुलिस ने एफएसएल टीम की मौजूदगी में घटनास्थल का मुआयना करने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवा दिया है। पुलिस ने मामले की गहराई से तस्दीक करने के लिए मृतक हल्के सिंह और उसकी पत्नी, दोनों के मोबाइल फोन को तकनीकी जांच के लिए जब्त कर लिया है।

## माहेश्वरी समाज का चुनाव शुरू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्वी क्षेत्र माहेश्वरी समाज का आज सुबह से चुनाव किया जा रहा है आज पुराने 71 के कार्यकारी मंडल के सदस्य तीन साल के नए पदाधिकारियों का चयन कर रहे हैं और पूर्वी क्षेत्र के समाजजन नए कार्यकारी मंडल का चुनाव कर रहे हैं। बड़ी संख्या में मतदाता आज सुबह से अपने मत का उपयोग करने मानस भरन हिन्दी साहित्य समिति में पहुंच रहे हैं। आज दोपहर तक मतदान किया जाएगा और दो पैनल में जीत के दावे कितने सही साबित होंगे इसका निर्णय मतदान के बाद होने वाली गिनती से पता पड़ेगा। अध्यक्ष के लिए डॉ. चन्द्रप्रकाश हेड़ा और राजेश सोमानी उम्मीदवार है।



## भाजपा मंडल की कामकाजी बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 5 के वार्ड 50 में पटेल मंडल के शक्ति केन्द्र की बैठक आयोजित की गई। आगामी संगठन कार्यों को लेकर चर्चा की गई। होलासराय सोनी, राजीव जैन, राजीव डाबी, रवि बुंदेला,मनीषा बांके, अंजली नाहर, धर्मेंद्र नाहर, दीपेश जैन, मुकेश माहेश्वरी सहित अन्य मौजूद थे।

## सिरपुर की अवैध कॉलोनी को अब वैध करने की प्रक्रिया शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**निगम तैयार करवाएगा कॉलोनी का नक्शा और फिर लेगा विकास शुल्क**

इंदौर नगर निगम के द्वारा सिरपुर में स्थित अवैध कॉलोनी को वैध करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अब निगम के द्वारा इस कॉलोनी का नक्शा बनाया जाएगा और फिर कॉलोनी के मकान मालिकों से विकास शुल्क लिया जाएगा।

नगर निगम की कॉलोनी सेल के द्वारा ग्राम सिरपुर में विभिन्न खसरा नंबर की 1.204 हेक्टेयर जमीन पर स्थित बालाजी लेक व्यू बिहार कॉलोनी को वैध करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निगम के द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के प्रावधान के अनुसार काम शुरू किया गया है। इसके तहत प्रथम चरण में इस कॉलोनी के लिए नक्शे का निर्माण करने से पहले कॉलोनी में प्लाट लेने वाले लोगों से उनके स्वामित्व के दस्तावेज मांगे गए हैं।

निगम की ओर से नागरिकों से कहा गया है कि वे सात दिन के अंदर उनके पास जो भी दस्तावेज है चाहे वह नोटरी हो या फिर रजिस्ट्री हो वह प्रस्तुत कर सकते हैं। इस कॉलोनी के नागरिकों के द्वारा एक नक्शा भी निगम के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। निगम के द्वारा इस नक्शे का परीक्षण करने के साथ-साथ यहां पर अधो संरचना का विकास करने के लिए योजना तैयार की जा रही है। इस योजना के अनुसार इस पूरी कॉलोनी में सड़क का निर्माण करने के साथ पानी ड्रेनेज की लाइन डालने का काम भी किया जाएगा। इसके साथ ही सड़क पर स्ट्रीट लाइट लगाकर प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। इस पूरे कार्य पर होने वाले खर्च को नगर निगम के द्वारा कॉलोनी के प्लाट धारकों से प्रति वर्ग फीट के हिसाब से वसूल किया जाएगा।

निगम की ओर से इस कॉलोनी के लिए शुरू की गई इस प्रक्रिया के साथ अब कॉलोनी के लोगों को इस बारे में सूचित करने और उन्हें इस पूरी प्रक्रिया में सहभागी बनाने की पहल भी शुरू हो गई है।

## सूर्य का रोहणी नक्षत्र में प्रवेश...कल से नौतपा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गर्मियों के सबसे माने जाने वाले 9 दिन कल से शुरू हो रहे है। सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा जिसके बाद कल से 2 जून तक नौतपा रहेगा। इन दिनों सूर्य की किरणे सीधे पृथ्वी पर पड़ती है जिसके कारण तापमान बढ़ जाता है। हालांकि बीते कुछ दिनों से तापमान बढ़ा हुआ है। आमतौर पर नौतपा में लू भी चलती है, लेकिन इस बार लू से राहत की सम्भावना जताई जा रही है। नौतपा में पडने वाली प्रचंड गर्मी का सीधा असर मानसून और खेती पर पड़ता है। ग्रामीणों का तो मानना रहता है कि अगर नौतपा में तेज गर्मी नहीं पड़ी तो बारिश कमजोर हो सकती है। नौतपा के लिए कई लोग शरीर में ठण्डक रखने के जतन भी करते है। लोग महंदी भी लगाते है।

### अफसर बनने के लिए 12 हजार ने बढ़ाया पहला कदम

# यूपीएससी प्री परीक्षा शुरू, चैकिंग के बाद मिला प्रवेश




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा आज शहर के 27 केन्द्रों पर हो रही है। परीक्षा में करीब 12 हजार से अधिक अभ्यर्थी सम्मिलित हो रहे है। आईएएस और आईपीएस जैसे उच्च प्रशासनिक पदों पर भर्ती के लिए होने वाली चयन प्रक्रिया का पहला और अनिवार्य चरण यह परीक्षा है।

आज सुबह परीक्षा का पहला सत्र 9.30 बजे से 11.30 बजे तक आयोजित किया गया। अभ्यर्थी निर्धारित समय से पहले अपने निर्धारित केन्द्रों पर पहुंचे, जहां उनकी फोटो आईडी और अन्य दस्तावेजों की जांच कर चैकिंग की गई। अभ्यर्थियों को केवल जरूरी सामग्री ही परीक्षा हॉल में ले जाने की अनुमति दी गई। करीब 30 मिनट पहले केन्द्रों पर प्रवेश बंद कर दिया गया था। दूसरा सत्र दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे के बीच आयोजित हो रहा है। कुल 12 हजार 104 परीक्षार्थी इसमें सम्मिलित होंगे। परीक्षा को लेकर कल संभाग आयुक्त कार्यालय में बैठक भी रखी गई थी। संभाग आयुक्त इस परीक्षा के समन्वयक अधिकारी है। वहीं उनके सहयोग के लिए शैली कनाश को प्रभारी परीक्षा अधिकारी बनाया गया है। सुबह करीब 8 बजे से परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश दिया गया। प्रथम सत्र के लिए प्रवेश द्वार 9 बजे बंद कर दिए गए, वहीं दूसरे सत्र के लिए 2 बजे तक विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्रों के अन्दर पहुंचना है। परीक्षार्थियों को फेस ऑन्थेटिकेशन के बाद ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा के लिए कन्ट्रोल रूम भी बनाया गया है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण मानकों पर इंदौर की मजबूत तैयारी
# परफॉर्मेंस कमजोर हुआ तो सुपर लीग से बाहर होने का खतरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

## इंदौर सहित देश के 4909 शहरों में सर्वेक्षण के लिए पहुंचेगी केंद्र सरकार की टीम

**देश में लगातार सात बार स्वच्छता का ताज जीत चुके इंदौर के लिए शनिवार से स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की सबसे बड़ी परीक्षा शुरू होने जा रही है। इस बार शहर का मूल्यांकन 'स्वच्छ शहर जोड़ी' श्रेणी में देपालपुर के साथ किया जाएगा। सर्वेक्षण 31 मई तक चलेगा, जिसमें केंद्रीय टीम शहर की सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और नागरिक भागीदारी का बारीकी से निरीक्षण करेगी।**

### सुपर लीग में इंदौर सहित 4 शहर, प्रदर्शन खराब तो सुपर लीग से बाहर

देशभर के 4909 शहरों के बीच होने वाले इस सर्वेक्षण में इंदौर सुपर स्वच्छ लीग का हिस्सा है। इस लीग में केवल वे शहर शामिल हैं, जिन्होंने पिछले वर्षों में शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। खास बात यह है कि इस बार सुपर लीग में शामिल शहरों के अंक सार्वजनिक नहीं किए जाएंगे, लेकिन प्रदर्शन कमजोर रहने पर शहर लीग से बाहर हो सकता है। इंदौर का मुकाबला इस बार अहमदाबाद, सूरत और नवी मुंबई जैसे बड़े शहरों से माना जा रहा है। 'स्वच्छ शहर जोड़ी' में जिस जोड़ी के संयुक्त अंक सबसे अधिक होंगे, उसे विजेता घोषित किया जाएगा।

### सुपर स्वच्छता में बने रहना है तो 12,500 अंक चाहिए

इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण कुल 12,500 अंकों का होगा। इनमें 2,000 अंक इंदौर को पहले ही वाटर प्लस और 7 स्टार रेकिंग के है, वहीं 10,500 अंकों के लिए निगम को कड़ी मशक्कत करनी होगी। सर्वेक्षण टीम शहर के रहवासी और व्यवसायिक इलाकों, बाजारों, पर्यटन स्थलों, ट्रांसपोर्ट हब, शैक्षणिक संस्थानों, ऐतिहासिक धरोहरों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण करेगी। साथ ही शहर की 13 कचरा प्रोसेसिंग यूनिट और 12 आरआरआर सेंटर की कार्यप्रणाली भी जांची जाएगी।

### 7 लाख इंदौरियों ने दिया फिड बैक

टीम यह भी देखेगी कि घरों से गीला-सूखा सहित छह प्रकार का कचरा अलग-अलग एकत्रित हो रहा है या नहीं तथा प्रोसेसिंग यूनिट में उसका पृथकीकरण और रिसाइक्लिंग सही तरीके से हो रही है या नहीं। सर्वेक्षण में 500 अंक सिटीजन फीडबैक के निर्धारित हैं। मई की शुरुआत तक इंदौर केवल 31 हजार फीडबैक के साथ देश में 11वें स्थान पर था, लेकिन पिछले तीन सप्ताह में शहरवासियों ने रिकॉर्ड भागीदारी दिखाई। अब तक 7.46 लाख से अधिक नागरिकों के फीडबैक दर्ज हो चुके हैं और इंदौर देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है।

### ये किया तो नंबर हो जायेंगे कट

नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि सर्वेक्षण के दौरान स्वच्छता नियमों का विशेष ध्यान रखें। नगर निगम का दावा है कि जनता की सहभागिता और मजबूत कचरा प्रबंधन व्यवस्था के दम पर इंदौर लगातार आठवीं बार देश का सबसे स्वच्छ शहर बनने की ओर बढ़ रहा है। खुले में शौच या पेशाब करने पर 400 अंक तक कट सकते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने पर 100 अंक कम हो सकते हैं।



# समान नागरिक संहिता पर जन परामर्श बैठक

### उच्च स्तरीय समिति ने विभिन्न पक्षों से संवाद कर लिए सुझाव

**आमजन से 15 जून तक ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित**

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की जन परामर्श बैठक जाल सभागृह, में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा, शत्रुघनसिंह, अनूप नायर, गोपाल शर्मा,बुद्धपाल सिंह के अलावा राजनेताओं में पुष्यमित्र भार्गव, मालिनी गौड, श्रवणसिंह चावडा, मधु वर्मा, सुदर्शन गुप्ता, गोपीकृष्ण नेमा, अजय कटेसरिया सहित अन्य भी मौजूद थे। समान नागरिक संहिता से जुड़े सामाजिक, विधिक एवं प्रशासनिक पहलुओं पर सुझाव आमंत्रित किए गए। वेबसाइट के माध्यम से नागरिक अपने सुझाव ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। बैठक में बताया गया कि समान नागरिक संहिता के संबंध में सुझाव देने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। विगत दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में वेबसाइट का विमोचन किया था। राज्य शासन द्वारा गठित यह उच्च स्तरीय समिति विवाह, भरण-पोषण, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार तथा अन्य पारिवारिक कानूनों से संबंधित विधिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक पहलुओं का विस्तृत अध्ययन कर समान नागरिक संहिता के संबंध में उपयुक्त अनुशंसाएं प्रस्तुत करेगी। जनपरामर्श बैठकों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। समिति द्वारा प्रदेशभर के जिलों में जाकर नागरिकों से सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

# चंदन नगर चौराहे पर शिफ्ट होगी ड्रेनेज की लाइन

### लाइन शिफ्टिंग और सड़क के सुधार के काम पर खर्च होंगे 3 करोड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर नगर निगम के द्वारा चंदन नगर चौराहे पर ड्रेनेज की लाइन शिफ्ट करने का फैसला लिया गया है। इस लाइन की शिफ्टिंग और फिर सड़क सुधारने का काम करने पर 3 करोड रुपए खर्च होंगे।**

चंदन नगर को लेकर नगर निगम के द्वारा इन दोनों दो योजनाओं पर काम किया जा रहा है। पहली योजना को चंदन नगर से जिला अस्पताल की तरफ आने वाले रास्ते पर फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण की है। यह योजना इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा बनाई गई है। इस योजना की घोषणा इंदौर नगर निगम के द्वारा की गई थी। अब प्राधिकरण के द्वारा योजना को क्रियान्वित करने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। इसके तहत जिस स्थान से फ्लाईओवर ब्रिज गुजरेगा और जहां उसके पिलर रहेंगे उस स्थान पर पीछे आ रही पानी और ड्रेनेज की लाइन को शिफ्ट करना नगर निगम की जिम्मेदारी है। इसके तहत नगर निगम के द्वारा फ्लाईओवर ब्रिज की ड्राइंग और डिजाइन के हिसाब से इस बात का परीक्षण कर लिया गया है कि कहां-कहां पर कौन-कौन सी लाइन आ रही है जिसे कि हटाना पड़ेगा।

इस योजना के क्रियान्वयन की दिशा में चंदन नगर चौराहे पर स्थित ड्रेनेज की लाइन भी बाधक बन रही है। इस लाइन को शिफ्ट करने की दिशा में नगर निगम की ओर से पहल हो गई है। निगम के द्वारा यह प्रोजेक्ट बना लिया गया है कि किस स्थान से लाइन को हटाना है और किस स्थान पर शिफ्ट करना है इसके लिए ठेकेदार एजेंसी का चयन करते हुए नगर निगम के द्वारा यह प्रावधान भी कर दिया गया है कि जो एजेंसी लाइन की शिफ्टिंग का काम करेगी वह एजेंसी लाइन खोज कर निकालने के बाद सड़क को सही करने का काम भी करेगी। इसके लिए नगर निगम के द्वारा 3 करोड रुपए के खर्च का प्रोजेक्ट बनाकर तैयार किया गया है।

निगम की ओर से इस 3 करोड रुपए के प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने की हलचल शुरू हो गई है। निगम के द्वारा इस काम को अंजाम देने वाले ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर लिया गया है। निगम की कोशिश है कि यह काम जितनी जल्दी शुरू हो जाए और खत्म हो जाए उतना ही ज्यादा अच्छा है। ध्यान रहे कि इस प्रोजेक्ट में विलंब सीधे तौर पर फ्लाईओवर ब्रिज के प्रोजेक्ट में विलंब का कारण बनेगा।

### सड़क का निर्माण अभी कागज पर

इसके साथ ही चंदन नगर के लिए नगर निगम के द्वारा दूसरा प्रोजेक्ट भी बनाया गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत चंदननगर के अंदर से नगीन नगर होते हुए एरोड्रम रोड तक सड़क का निर्माण किया जाना है। इस सड़क के निर्माण के लिए भी नगर निगम के द्वारा पूरी योजना तैयार करने और एजेंसी को फाइनल करने का काम कर लिया गया है। इस सड़क का निर्माण करने से जिन लोगों के मकान पूरे टूट जाएंगे उन लोगों को शिफ्ट करने के प्रस्ताव पर अभी विचार किया जा रहा है। पहले तो निगम की इच्छा थी कि इन सभी लोगों को ताप्ती परिसर में शिफ्ट कर दिया जाए। जहां पर यह परिसर बना हुआ है उस क्षेत्र के विधायक मधु वर्मा है। विधायक के द्वारा इन लोगों के ताप्ती परिसर में शिफ्टिंग पर आपत्ति ली गई है। जिसके कारण इन सभी लोगों की शिफ्टिंग पूरी तरह से रुक गई है। इस शिफ्टिंग के शुरू होने से पहले ही रुक जाने के कारण यह प्रोजेक्ट भी अटक गया है।

# 150 यात्री बसों के खिलाफ कार्रवाई

### पुलिस का चैकिंग अभियान दस्तावेज, सुरक्षा उपकरण देखे गए

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इन दिनों गर्मी में मातृशक्तियां मायका जाती और आती है, बच्चे नाना-मामा के घर भी पहुंचते हैं। इसलिए ट्रेन से लेकर यात्री बसें हाउसफुल चलती है। यात्रियों को दुविधा और असुरक्षा ना हो इसके लिए पुलिस ने विशेष चैकिंग अभियान चलाकर सैकड़ों बसों की जांच की। पुलिस ने बसों के दस्तावेज, सुरक्षा उपकरण की जांच की गई और 150 बसों के विरुद्ध कार्यवाई की गई। जांच के दौरान जिन बसों में फायर सेफ्टी व्यवस्था नहीं पाई गई, बसों में फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध नहीं था तथा बसों में अग्निशमन यंत्र नहीं पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त बसों के आरसी, परमिट, फिटनेस, बीमा दस्तावेज, चालक लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की गई।






### जांच के बाद भी नहीं दिखे लोडिंग पार्सल-

यातायात पुलिस लगातार जांच अभियान बता रही है। यात्री बसों में इन दिनों बस की छत पर और डिक्की में जमकर लगेज ढोया जा रहा है और अलग ही बस ऊपर तक लोडिंग दिखाई देती है, फिर भी उस पर पुलिस और यातायात पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही हैं। विगत दिनों राजमोहल्ला में ही एक बस से पार्सल सफाईकर्मी पर गिरा था। अब कोई दुर्घटना घटती है तो वह जिम्मेदारी किसकी होगी, क्या घटना के बाद पुलिस कार्रवाई करेगी।



# माहेश्वरी महिलाओं ने कराया विवाह उत्सव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

माहेश्वरी महिला मंडल 140 घर थोक की मातृशक्तियों ने डिडवाना पंचायती थोक के साथ आयोजन कर विवाह उत्सव का आयोजन किया। आशी सिंगी, ज्योति मुछाल ने बताया कि कल मेहंदी, हल्दी दूल्हा बने भगवान रंगनाथ को और दुल्हन गोदाम्बा को लगाए। कीर्तन कर नृत्य भी किया गया। भगवान के विवाहोत्सव के श्रद्धालु साक्षी बने। नेहा भलिका, सीमा लालावत, पवन भलिका, मंजु भलिका, शोभा पसारी, वीणा सोनी, पंकज गांधी, सुषमा मालू सहित अन्य मौजूद थे।

# बल, बुद्धि और विद्या देने वाले हनुमानजी का कापियों से सजेगा दरबार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हनुमानजी को बल, बुद्धि और विद्या देने वाले देवता कहा जाता है। पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर अधिक मास दूसरे बड़े मंगलवार को 21 हजार कापियां एवं अन्य पाठ्यक्रम सामग्री से विशेष श्रृंगार किया जाएगा।इसके बाद इन कापियों का वितरण जरुरतमंद विद्यार्थियों को किया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा जरुरतमंद विद्यार्थियों को टोकन दिया जाएगा जिसके बाद वे विद्यार्थी हनुमानजी से आशीर्वाद लेकर कापियां मंदिर परिसर से प्राप्त कर सकेंगे। उक्त जानकारी मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज ने दी।

## मातृ संकल्प महोत्सव में होगी कथा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग में श्रीमातृ संकल्प महोत्सव के अन्तर्गत 9 से 15 जून रोजाना शाम 4 से 7 बजे तक भागवत कथा का आयोजन पुरुषोत्तम मास में होगा। तोतला परिवार इस आयोजन से जुड़ा हुआ है। पंकज तोतला ने उक्त जानकारी दी।

# युवा जैन समाजजनों ने महाकुम्भ के पहले की बैठक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। युवा प्रीमियर लीग क्रिकेट का महाकुंभ सीजन 3 क्रिकेट जो 28 से 31 मई तक चाणक्यपुरी चौराहा विंग्स टर्फ पर आयोजित होगा। आयोजन को लेकर लगातार तैयारी की जा रही है। आयोजन को लेकर हुई बैठक में 48 टीमों के कप्तान के साथ ही युवा प्रकोष्ठ की पूरी टीम एवं सामाजिक संसद के वरिष्ठ पदाधिकारी मीटिंग में शामिल हुए। मीटिंग में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। क्रिकेट में होने वाले टूर्नामेंट के लॉट्स निकाले गए। साथ ही महत्वपूर्ण नियमों के बारे में सभी कप्तानों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर पत्रिका का विमोचन भी किया गया। नेशनल निशुल्क टीशर्ट वितरण किये गये। महावीर जैन, अंकुल पाटौदी, सुयश बाकलीवाल, चिंतन जैन, हनी जैन, देव जैन, प्रवीण पहाड़िया मौजूद थे।







# रामदेव बाबा के जयकारों के साथ हुआ जम्मा जागरण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बड़ा गणपति के समीप कन्या कॉलेज में कल रामदेव बाबा के जयकारों के साथ बड़े रूप में जम्मा जागरण का आयोजन किया गया। सुशील बजाज ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मंगल मिश्र ने किया। कार्यक्रम में कई राजनेताओं को भी आमंत्रित किया गया था। अशोक राठौर, विनोद सांगी, सुरेश शर्मा, घनश्याम जोशी, मुकेश गेहलोत, बाबूचंद देवड़ा, सुनील अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, अनिल चौहान, दुर्गेश जोया, सुनील डाबी, पुखराज जोशी, भंवरलाल मारी, शंकरलाल गेहलोत सहित अन्य का आयोजन में सहयोग रहा।



# ड्रामा कैम्प का समापन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। ड्रामा कैम्प का आयोजन विगत 10 दिनों से किया जा रहा था, जिसके समापन पर शासन पर व्यंग करता हुआ नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा के मंचन के साथ समापन हुआ। राजस्थानी नृत्य और जनगीतों की प्रस्तुति भी हुई। दिलीप वाघेला, प्रो. अखिलेश रावत, फादर पायस, मितिन अग्रवाल और विजय दलाल ने छात्रों और युवाओं की हौंसला अफ़जाई की। इस कैंप में अलग-अलग मजदूर बस्तियों के बच्चों ने नाटक की खूबियों को सीखा। प्रमोद नामदेव, शिवांगी सिसोदिया ने अपनी भूमिका निभाई।

# मंडल की महिलाएँ कर रही हैं रोजाना धार्मिक आयोजन



इंदौर। मंगलमूर्ति नगर रहवासी संघ से जुड़ी महिला मंडल की मातृशक्तियां इस धार्मिक पुरुषोत्तम माह में रोजाना सुबह सामूहिक रूप से पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन का आयोजन कर रही है। संघ अध्यक्ष श्रवण वर्मा ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन से ललिता श्रवण वर्मा, अनिता पाटीदार, सुधा खण्डेलवाल, माया गोर, साधना पटेल, गीता व्यास, किर्ति पाटीदार, ममतेश शर्मा, छाया पंवार, सन्तोष सोमानी, राधा चौहान, विनित पाटीदार, शीला लोधी, पार्वती पाटीदार, कुसुम मौर्य धार्मिक आयोजन से जुड़ी हुई है।

# मठ के आयोजन में उठा सिंहस्थ की भूमि पर कब्जे का मुद्दा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। हंसदास मठ बिजासन रोड पर पुरुषोत्तम मास में चल रहे धार्मिक कार्यक्रम में पीठाधीश्वर स्वामी श्री माधवाचार्य महाराज पहुचे तो उनका और अन्य संतों का सम्मान किया गया। संतों ने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर सिंहस्थ की परम्परागत भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को लेकर चर्चा की जाएगी।मेला स्थल पर कब्जे, पक्के निर्माण की शिकायतें भी की जाएगी। संतों ने कहा कि विशेषकर मंगलनाथ एवं अंकपात क्षेत्रों में सिंहस्थ के दौरान लगाए जाने वाले शिविरों की जमीनों पर रसूखदार लोग कब्ज़ा कर रहे हैं। स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज की मौजूदगी में माधवाचार्य महाराज ने अपनी संत मण्डली के साथ 108 श्रीमद भागवत पारायण के दिव्य अनुष्ठान में शिरकत की। इस दौरान बाबा सीताराम दास, भक्तिदास महाराज, महंत राजीव लोचनदास महाराज, महंत हरिओम दास महाराज, महंत जगदीशदास महाराज, महंत काशीदास महाराज, महंत विशम्भरदास, महंत गरीबदास महाराज के अलावा इंदौरी संत-महंत भी मौजूद थे।



# संत शिरोमणि सांई साधराम को याद किया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अमरदास हॉल में साई साधराम साहेब की स्मृति में सभा का आयोजन किया गया। स्मृति सभा में बड़ी संख्या में सिंधी समाज के महिला, पुरुष ने शामिल होकर संत को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, सुदर्शन गुप्ता, समाज के राजा मांधवानी, नरेश फुंदवानी, पंकज फतेहचंदानी, कमलेश कालरा, कंचन गिदवानी, विशाल गिदवानी, राजेन्द्र सचदेव, मनोज राजानी, ईश्वर झामनानी, गुलाब ठाकुर, अजय शिवानी, श्यामलाल धनवानी, अशोक सचदेव, दीपचंद चावला, सच्चानन्द वाधवानी, मंशाराम राजानी, अनिल असरानी, भगवानदास कटारिया, डॉ. एच वाधवानी, नानक दावानी, लालचंद छाबड़ा, प्रदीप गुरनानी, नरेश लालवानी मौजूद थे।



# हनुमानजी का होगा राधारमण श्रृंगार

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सुभाष चौक-राजवाड़ा स्थित श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर पर हनुमानजी का विशेष श्रृंगार 26 मई मंगलवार को राधारमण स्वरूप में देखने को मिलेगा। इस विशेष श्रृंगार के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचेंगे।

# वाल्मीकि सेना ने किया घेराव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



नगर निगम प्रशासन उज्जैन द्वारा वाल्मीकि समाज की कॉलोनी 12 खोली, हरिफाटक को बिना नोटिस के बच्चों के खाना खाते समय, बुजुर्गो के आराम के समय जेसीबी मशीन और भारी पुलिस बल लेकर मकान तोडना शुरू कर दिया। जिसका विरोध वाल्मीकि समाज के नागरिकों ने किया तो वहां मौजूद अधिकारियों द्वारा उनके मोबाइल छीनकर सडक पर पटक दिए। वाल्मीकि समाज के लोगो को जाति सूचक गालियां दी और यहाँ तक की घर से न निकलने पर मकान गिरा कर जान से मारने की धमकी दी गयी, फिर पुलिस प्रशासन ने वाल्मीकि जाति के नागरिकों पर जबरन एफआईआर करवा दी गयी जिसकी सूचना मिलने पर वाल्मीकि सेना (मार्शल कौम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी संतोष कल्याणे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश धौलपुरे, राजेश मेवाती, हरीश नागर, कमल वेद, अखिलेश मेवाती, कृष्णा खोड़े, वीरेंद्र गोसर, मनोहर गोहर, अनिल टोपे, सुरेश घावरी, हीरा सारवान, पीयूष सारवन मौजूद थे। जिन्होने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन भी दिया।

# टेलेंट शो में गायक कलाकारों को मंच

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

संगीत सेवा सहारा द्वारा आयोजित 30 और 31 मई को क्रिश्चियन कॉलेज मे प्रथम राउंड के रूप में ग्रेंड फीनाले टेलेंट शो के रूप में सुबह 10 से शाम 7 बजे तक आयोजित होगा। 1 लाख के पुरस्कार दिए जाएंगे। क़लाकारों को आगे बढ़ाने के लिए केकेसी टैलेंट शो का आयोजन कुल चार राउंड मे तैयार किया गया है, चारों राउंड इंदौर मे होंगे, इसमें किसी भी उम्र के गायक कलाकार रजिस्ट्रेशन करवाकर शामिल हो सकते है।निर्णय के आधार पर अगले राउण्ड में चयन होगा। इसके लिए कलाकार को अपनी पसंद का एक अंतरा और एक मुखड़ा गाकर निर्णायक मंडल को सुनाना होगा। दीपक पाठक ने उक्त जानकारी दी।

## दक्षिण कालीपीठ में भगवान कृष्ण की लीला का रसपान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'श्री दक्षिण कालीपीठ त्रिमहाविद्या आश्रम' अंबिकापुरी एयरपोर्ट



रोड पर इस पुरुषोत्तम मास में भागवत कथा का रसपान महंत अर्जुनदास महाराज के मुखारबिंद से किया जा रहा है। श्रद्धालु भगवान कृष्ण की लीलाओं का चित्रण भी देख रहे हैं और रसपान भी कर रहे है। मोनिका शर्मा, अनिता शर्मा, ममता शर्मा, दीपमाला शर्मा, दामिनी शर्मा, क्षमा पांडे एवं ट्रस्ट के राजेन्द्र तोषनीवाल ने व्यासपीठ का पूजन किया। कई संत-महंत मौजूद रहे।

## एलआईसी एजेंट महासम्मेलन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ़ इंडिया का महासम्मेलन आज इन्दौर के होटल में आयोजित किया जा रहा है। आज सुबह कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। अतिथि उदबोधन को बाद ब्रांच लिपाफी पदाधिकारी को सम्मानित किया जाएगा। अलग-अलग डिवीजन के पदाधिकारी की भी मौजूदगी है। कई ब्रांच प्रतिनिधि मंडल कल ही इन्दौर पहुंच गए थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएस शुक्ला, पवन कुमार जैन, राजेश कुमार सोनी, बटेश्वरनाथ सिंह, मनोहर लालपवार, निर्मलमखीजा, गोरखनाथ कदम, दिनेश सिंह कुशवाह, संजय जाटव, देवकीनंदन पटवा, प्रभात पाठक, अशोक गेहलोत, रिंकी सुनहरे, भारती जैन मौजूद है।



## समर कैंप में बच्चों को मिले संस्कार

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ब्रह्माकुमारीज द्वारा ओम शांति भवन, में आयोजित 3 दिवसीय संस्कार समर कैंप का समापन हुआ। बच्चों के लिए संस्कारमय गतिविधियों का आयोजन किया गया। कैंप में बच्चों को अनुशासन, आंतरिक सुंदरता, एकाग्रता, मोबाइल की लत से मुक्ति, ट्रैफिक नियमों का पालन, परमात्मा से जुड़ाव, राजयोग ध्यान एवं सकारात्मक चिंतन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को वैल्यू गेम्स, मनोरंजक गतिविधियों एवं प्रेरणादायी सत्रों के माध्यम से सरल एवं रोचक तरीके से समझाया गया। आरती बहन, नारायण भाई, दीपाली दीदी, आयुषी दीदी, राधा जामोद, दुर्गा दीदी सहित अन्य मौजूद थे।





## माहेश्वरी ग्रुप की भागवत कथा का समापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जांगड़ा पोरवाल धर्मशाला छत्री बाग में श्री भागवत कथा का विश्राम हुआ। कथा का आयोजन श्री माहेश्वरी आनंदम क्लब द्वारा किया गया। विनोद-नीता राठी, रंगनाथ-लता कुइया, संस्था सचिव सनद-मंजू मंडोवरा, अध्यक्ष अशोक-उषा काबरा, सुरेश-वंदना कचोलिया, सुशील-अरुणा बांगड़ सहित अन्य दम्पत्ति सदस्य मौजूद रहे। मयंक व्यास ने कथा का रसपान कराया। इस दौरान चिकित्सकों के समूह स्पंदन द्वारा एक दिन भजन संध्या भी आयोजित की गई।

## नानी बाई का मायरा



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कनाडिया रोड पर नानी बाई का मायरा का आयोजन संजयकृष्ण त्रिवेदी के श्रीमुख से किया जा रहा है। पूर्व में भागवत कथा का आयोजन हुआ था। मुकेश जोशी, राजेंद्र जोशी, गोविंद जोशी, सचिन सिलोरा, हरीश वोरा,उमेश बागोरा, महेश पुरोहित, शिवलाल पालीवाल आदि उपस्थित थे।

## कृष्ण रुक्मणी विवाह

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शहर के मध्य सीतलामाता मंदिर प्रांगण जिंसी में शिवम् मिश्रा के मुखारविन्द से भागवत कथा जारी है। कल भी भगवान कृष्ण और रुकमणि के प्रसंग का वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने बाराती और धराती बनकर इस धार्मिक आयोजन का लुप्त लिया। शिव तिवारी, गोलू तिवारी, विकास अवस्थी, मनोज मिश्रा, जीतेन्द्र मिश्रा, सुधीर तिवारी, दीपक मिश्रा, श्याम भावसार, बब्बन कदम, विक्की तिवारी, लव शेखावत, सचिन तिवारी, शैलेन्द्र मिश्रा, अनिल शुक्ला, मनोज त्रिपाठी, शरद तिवारी, सतीश जैन सहित अन्य मौजूद थे। कई राजनेताओं ने भी शिरकत की।



## बीपीएल सीजन क्रिकेट लीग का समापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पालीवाल ब्राह्मण समाज 44 श्रेणी के खेल महाकुंभ भागवत प्रीमियर लीग का समापन किया गया। फाइनल मुकाबले में वीर बच्चा हनुमान टीम ने रेवेन्यू बॉयज को पराजित कर बीपीएल सीजन-2 का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम वीर बच्चा हनुमान को पुरस्कार स्वरूप आकर्षक ट्रॉफी एवं 1,61,000 की नगद राशि प्रदान की गई। टीम के खिलाड़ियों ने यह सम्पूर्ण पुरस्कार राशि कुंवर मंडली स्थित श्री वीर बच्चा हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु दान स्वरूप समर्पित कर समाज के समक्ष एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। विजेता टीम को एसी बस द्वारा गड़बोर ले जाने की घोषणा भी की गई। राकेश पांचाल, संतोष जोशी, पुरुषोत्तम पुरोहित, आशीष बागोरा, रुद्र तिवारी, रजत तिवारी, विजयशंकर जोशी, सुरेश दवे, रमेश दवे, मुकेश दवे, संतोष बागोरा,करुणानिधि जोशी, मुकेश व्यास, कैलाश उपाध्याय, कपिल पुरोहित, जयेश व्यास, घनश्याम बागोरा, भास्कर जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

## जैन फेडरेशन का शपथ आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अ.भा. जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के नए पदाधिकारियों की शपथ विधि आज दोपहर में लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। कई राजनेता और समाज के पदाधिकारियों के अलावा समाजजन मौजूद है।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को भोजशाला आएँगे

## भोजशाला में दर्शन एवं 'भोज-सरस्वती लोक' की घोषणा कर सकते हैं...

**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर )।** प्रदेश के मुखिया मोहन यादव सोमवार को धार का दौरा कर सकते है, मुख्यमंत्री का यह दौरा कई मायनो मे अहम माना जा रहा है, हाल ही में आए इंदौर उच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले के बाद, वह भोजशाला में दर्शन-पूजन करने और 'भोज-सरस्वती लोक' के निर्माण की महत्वपूर्ण घोषणा भी कर सकते हैं,मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा अयोध्या और उज्जैन की तर्ज पर धार में भी एक भव्य 'लोक' विकसित करने की घोषणा की संभावना है। मुख्यमंत्री ने पहले ही संकेत दिया है कि लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम में रखी मां वाग्देवी की मूल प्रतिमा को वापस लाने के लिए विधिक प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर धार प्रशासन और राजनीतिक गलियारों में काफी हलचल है। सूत्रों बताते हैं कि मोहन यादव पहले मुख्यमंत्री होंगे जो भोजशाला मे प्रवेश करेंगे, माना जा रहा है कि यह दौरा धार के सांस्कृतिक और धार्मिक भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा।






मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए धार कलेक्टर और एसपी ने भोजशाला परिसर का निरीक्षण किया है, साथ ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं,वही यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है,जब भोजशाला को लेकर कानूनी स्थिति साफ हुई है,इससे मुख्यमंत्री यह संदेश देना चाहते हैं कि सरकार विरासत के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। घोषणाओं के बाद मुख्यमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित कर सकते हैं, इसके अलावा मुख्यमंत्री मोहन यादव गंगा दशमी के अवसर पर जल गंगा सवर्धन अधियान के तहत देवी सागर तालाब पर श्रमदान भी करेंगे, वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री देवीजी स्थित गढ़कालिका माता के दर्शन-पूजन करने मंदिर भी जा सकते हैं,साथ ही वह धार के विकास के लिए अन्य योजनाओं की सौगात भी दे सकते हैं।

### डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान बाग के समीप

## बड़े और हानिकारक उद्योग प्रतिबंधित

**धार ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** धार जिले में स्थित डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान, बाग का कुल अधिसूचित क्षेत्र केवल 89.740 हेक्टेयर है। भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार इस उद्यान के चारों ओर 250 मीटर के दायरे को इको-सेंसिटिव जोन घोषित किया गया है, जिसके भीतर सभी गतिविधियों का संचालन निर्धारित नियमों के अधीन ही किया जा सकता है। धार वन मंडल अधिकारी के अनुसार 250 मीटर के इको-सेंसिटिव जोन में रोजगार और पर्यटन की दृष्टि से स्थानीय युवाओं को पर्यटकों के ठहरने के लिए पर्यावरण अनुकूल अस्थाई कॉटेज, टेंट और लकड़ी के मकान (इको-रिसॉर्ट्स) बनाने तथा गाइड बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे घर बैठे रोजगार मिलेगा। जैविक खेती, कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों की बिक्री को सरकार द्वारा सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। गांवों में वर्षा जल संचयन, बायोगैस और सोलर लाइट जैसी उन्नत तकनीकों का विस्तार किया जाएगा। ग्रामीणों की पारंपरिक खेती, बागवानी और डेयरी/पशुपालन जैसी गतिविधियां पहले की तरह जारी रहेंगी। वास्तविक कृषि और घरेलू उपयोग के लिए कुओं/ट्यूबवेल से पानी निकालने पर कोई रोक नहीं है। स्थानीय निवासियों को अपनी घरेलू आवश्यकताओं के लिए न्यूनतम और जरूरी निर्माण कार्य करने की अनुमति नियमों के अनुसार आसानी से मिलती रहेगी। गांवों की मौजूदा सड़कों को चौड़ा और सुदृढ़ करने तथा बिजली/दूरसंचार लाइनों के विस्तार का कार्य तय दिशा-निर्देशों के तहत सुचारू रूप से किया जाएगा। इको-सेंसिटिव जोन में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले भारी उद्योगों, क्रशरों, वाणिज्यिक खनन और बड़ी फैक्ट्रियों की स्थापना पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इससे गांवों की हवा-पानी शुद्ध रहेगी और कृषि भूमि बंजर होने से बचेगी। इस प्रकार मास्टर प्लान के अंतर्गत किए जाने वाले समस्त विकास कार्य इन वैधानिक नियमों की परिधि में ही संपन्न किए जाएंगे। वर्तमान में शासन द्वारा डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान बाग के विस्तार हेतु पार्क का दायरा बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। पार्क का विस्तार केवल अधिसूचित क्षेत्र 89.740 हेक्टेयर में ही किया जायेगा।

## पीपल लगाओ और पर्यावरण का तापमान कम करो, गर्मी होगी छूमंतर

### चीन में रहने वाले इंदौरियों ने नगर निगम को बताया जल संकट और गर्मी से बचने का उपाय

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जल संकट के कारण इस समय इंदौर त्राहिमाम कर रहा है क्योंकि 4000 से अधिक शासकीय बोरिंग एवं हजारों की संख्या में निजी बोरिंग का पानी सूख चुका है। लोग नगर निगम के निशुल्क पानी के टैंकर के लिए लड़ रहे हैं, हर गली मोहल्ले में जल संकट की स्थिति दिखाई दे रही है बर्तन, ड्रम की लंबी लाइन लगी हुई है, यही स्थिति इंदौर के पास इलाकों में है। ऊंची-ऊंची इमारतें लेकिन यहां पीने को पानी नहीं है।

जल संकट से चिंतित हुए विदेश में रहने वाले इंदौरी

आखिर इस भयावह एवं विकराल स्थिति की समस्या का हल क्या है, आने वाले समय में यह स्थिति और अधिक विकराल ना हो इसके लिए क्या कदम उठाए जाएं इसको लेकर इंदौर से हजारों किलोमीटर दूर बैठे इंदौर के युवाओं ने ही इंदौर नगर निगम को इस समस्या का निराकरण पीपल के पेड़ के रूप में बताया है। यह युवा चीन के बीजिंग शहर में रहने वाले हैं जहां उन्होंने बताया कि यह शहर पेड़ और पर्यावरण को सर्वोच्च सम्मान देता है इसीलिए किसी भी स्थिति में यहां की पर्यावरणीय स्थिति नहीं बिगड़ी, यदि इंदौर को भविष्य में महा जल संकट से बचाना है और पर्यावरण में बढ़ते तापमान को रोकना है तो उसका केवल और केवल एक ही उपाय शहर में अधिक से अधिक पीपल के पेड़ लगाए जाए, ग्रीन एरिया को विकसित किया जाए, पेड़ों की कटाई पर आने वाले 5 सालों तक पूरी तरह से सख्त प्रतिबंध लगा दिया जाए, अत्यंत आवश्यकता होने पर ही जिला कलेक्टर द्वारा स्वयं के परीक्षण किए जाने के बाद पेड़ काटने की अनुमति हो।

**चीन में हजारों कार और घरों में लाखों एसी, 30 डिग्री से अधिक तापमान नहीं-** बीजिंग में रहने वाली दीपशिखा चंचलानी ने बताया कि चीन में भारत की तरह ही अधिक जनसंख्या है। संसाधनों की कमी से निपटने के लिए सरकार ने अपने स्तर पर सख्त नियम कायदे बनाए हैं यहां ऊंची ऊंची इमारतें हैं जिसमें 500 से 1000 फ्लैट की संख्या है इन इमारत में पानी सहित मूलभूत जरूरत को पूरा करने के लिए एक सुव्यवस्थित सिस्टम बनाया गया है इसके अलावा शहरों को ठंडा रखने के लिए सर्वोच्च स्तर पर पर्यावरण सुरक्षा एवं पेड़ों की रक्षा को प्राथमिकता दी गई है। यहां हर कोई बगैर किसी अनुमति के पेड़ों की पत्तियां भी नहीं तोड़ सकता। जिस पीपल को हम अपने पुराने और वेदों में पूजते आ रहे हैं इस पीपल की रक्षा यहां चीन में किस तरह से की जाती है यह भारतीयों के लिए सीखने योग्य है चीन की इमारत में हर फ्लैट में एसी लगे हुए हैं इस हिसाब से शहर का तापमान बहुत अधिक होना चाहिए लेकिन 30 डिग्री यहां अधिकतम तापमान होता है। इससे अधिक तापमान केवल कुछ दिनों के लिए रहता है। तापमान को नियंत्रित करने के लिए सड़कों के किनारे आसपास पीपल के वृक्ष लगाए गए हैं। नालो पर, नदियों के जल भराव क्षेत्र में इन पेड़ों का उपयोग शहर को ठंडा रखने के लिए किया जा रहा है।

**लाखों की संख्या में लगाए पीपल के पौधे-** पीपल शहर से निकलने वाली गर्मी को सोक क़र ठंडक फैलाने में सहायक होते हैं इसीलिए चीन के शहरों में गर्मी को लोग जानते भी नहीं है। इंदौर नगर निगम ऐसा प्रयास कर सकता है। शहर में लगातार हो रही तोड़फोड़ के बीच सड़कों पर जो चार पहिया वाहन खड़े हो रहे हैं उनकी जगह पेड़ को दी जानी चाहिए और वाहनों को पार्किंग में चीन ने ऐसा ही किया है सड़कों के किनारो पर घना वृक्षारोपण किया गया है।

**पेड़ और पर्यावरण को बलि देकर विकास जारी-** इंदौर से चीन गए लवलीन छाबड़ा ने बताया कि विदेशी शहरों से भारत को अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है। सबसे बड़ा पर्यावरण संतुलन कैसे बनाया जाए इसकी शिक्षा भारत में प्राइमरी स्तर की भी नहीं है, क्योंकि पर्यावरण को प्राथमिकता देना शायद हमारे कार्यों में शामिल नहीं है जिसकी झलक सरकार प्रशासन के कामों में दिखाई दे रही है चीन दुनिया का विकसित होता शहर है जहां इंदौर से कहीं अधिक बड़े डेवलपमेंट प्रोजेक्ट चल रहे हैं लेकिन इसका असर पर्यावरण पर इस शहर में दिखाई नहीं देता यहां पर पर्यावरण अनुकूल विकास की कल्पना का मॉडल काम करता है लेकिन इंदौर में पर्यावरण पेड़ पौधों को विकास के रास्ते से खत्म करने का मॉडल कम कर रहा है यही कारण है कि इंदौर में अब महाजल संकट की स्थिति बन गई है ।

**समस्या का हल नागरिकों के पास-** इस समस्या का हल किसी के पास नहीं है लोगों को स्वयं इसके लिए आंदोलित होना पड़ेगा और अपने पर्यावरण हवा पानी की रक्षा खुद करनी पड़ेगी ना की निःशुल्क टैंकर के भरोसे। किसी पार्षद नेता या भैया के घर पर टैंकर डलवाने के लिए रजिस्टर में नाम लिखवाना। संकट सर से ऊपर इसी साल हो चुका है। जिस तरह से शहर में पेड़ों की कटाई की जा रही है उसका परिणाम भीषण गर्मी और जल संकट के रूप में दिखाई दे रहा है।

**सख्त कानून से पर्यावरण की रक्षा-** इंदौर के सिंधी कॉलोनी में रहने वाले विशाल मोटवानी ने बताया कि चीन में पिछले 5 सालों से रह रहे हैं। यहां हर चीज के लिए बहुत ही सख्त कानून है इसीलिए यहां के नागरिकों को असुविधा नहीं होती। पानी बिजली सड़क परिवहन सहित हर चीज एक सिस्टम के अनुसार व्यवस्थित रूप से संचालित की जाती है हमारे यहां यह स्थिति आने में अभी 10 से 15 साल और लगेंगे तब तक पर्यावरण को बचाए रखना मुश्किल है हमारी सरकार और प्रशासन को कम से कम पर्यावरण के प्रति तो सजग होना होगा। सड़क और ब्रिज के लिए जंगल काटे जा रहे हैं जंगलों को प्राथमिकता देना और बगैर जंगल उजड़े विकास करना यह विदेश से सीखने की जरूरत है। जिन सड़कों को हम पेड़ काटकर बना रहे हैं वह हमें विनाश का रास्ता दिखा रही।

**पर्यावरण विद् बोले हमें सीख लेने की जरूरत-** पर्यावरण विद् ओ पी जोशी बताते हैं कि नगर निगम स्थानीय प्रशासन मध्य प्रदेश सरकार को पर्यावरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। जो सड़के बनाई जा रही है उनमें पेड़ कैसे बचाएं जाएं इस पर विदेश से सीख ली जा सकती है। इंदौर में मेट्रो और ब्रिज बनाने के लिए लगभग 30000 पेड़ काट दिए गए लेकिन पहले इन्हें बचाने के लिए नहीं सोचा गया या इनके काटने से होने वाले नुकसान के बारे में अनुमान नहीं लगाया गया। अब जब शहर का तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच गया है तब इस विनाश का एहसास हो रहा है इसीलिए पेड़ काटने से पहले उसे बचाने की प्लानिंग की जाए।

## पेंटिंग दे रही है स्वच्छता का संदेश

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. ललित खेडे )।** नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में जहां सफाई व्यवस्था चाक चौबंद की जा रही है। बरसात के पूर्व नालों की सफाई भी हो रही है। पालिका द्वारा अतिक्रमण भी हटाए गए थे। अब स्वच्छता संदेश देने वाली अलग-अलग कलर की पेटिंग उकेरी जा रही है। साफ-सफाई और स्वच्छता, सर्वेक्षण स्वच्छता अभियान एवं हरित हरियाली, जल ही जीवन है बर्बाद ना करे ऐसे कई चित्र के माध्यम से आम-जन तक संदेश पहुँचाया जा रहा है। मुख्य मार्ग के अलावा शहरी इलाके में भी अलग-अलग कलर की यह पेटिंग आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। आम लोगों को भी स्वच्छता, पानी व्यर्थ ना बहाए, पर्यावरण, हरित और हरियाली, पौधारोपण क़े संदेश दिए जा रहे है। खासतौर से कचरा गीला और सूखा अलग-अलग डस्टबीन में डाले। पशु-पक्षी के लिए वृक्षों पर घौसले सुरक्षित रखने के संदेश दिए जा रहे है।



## मंदिर-धर्मशाला के लिए आर्थिक सहयोग



**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व मंत्री सचिन यादव के काका कृष्णलाल पटेल के निधन के बाद हुए आयोजन में परिजनों ने मंदिर और धर्मशाला के लिए परिवार की ओर से सवा लाख रुपये की धनराशि के सहयोग की घोषणा की। अरुण-सचिन यादव ने श्रद्धांजलि दी। नरेन्द्र पटेल, रामप्रकाश यादव भिण्ड, भूपेन्द्र यादव, चेतन यादव, सचिन यादव उज्जैन, अनिल पटेल, कैलाश सिंह दरबार, राजेन्द्रसिंह यादव, राजेश बागदरे कसरावद सहित अन्य मौजूद थे।

## संपादकीय

# होर्मुज संकट के बीच बढ़ी ऊर्जा चिंता, विकल्पों की तलाश में भारत की नई रणनीति

होर्मुज जलमार्ग से वैश्विक जरूरत के बीस से पच्चीस प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति होती है। भारत भी उन देशों में शामिल है, जिनकी खासी निर्भरता वहां से आने वाले ऊर्जा स्रोतों पर है। होर्मुज जलमार्ग से वैश्विक जरूरत के बीस से पच्चीस प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति होती है। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के साझा हमले के बाद समूचे मध्यपूर्व के इलाके में जैसे जटिल हालात पैदा हुए हैं, उसका स्वाभाविक असर वैश्विक पैमाने पर ऊर्जा की आपूर्ति पर पड़ा। हालांकि जब दोनों पक्षों के बीच चौदह दिनों के युद्धविराम की घोषणा हुई थी, तब उम्मीद जगी थी कि अब शायद ईरान होर्मुज जलमार्ग को भी खोल दे और कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बहाल हो। मगर उसके बाद ईरान और अमेरिका के बीच हुई शांति वार्ता नाकाम रही और इसी के साथ होर्मुज जलमार्ग की बहाली की उम्मीद एक बार फिर मंद पड़ गई। आज हालत यह है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने का जिन देशों पर ज्यादा असर पड़ा है, वे अब ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर विचार कर रहे हैं। गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग बाधित होने के बाद तेल और गैस की व्यापक कमी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में कहा कि रसोई गैस के विकल्प के रूप में बायोगैस सहित अन्य वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को हर हाल में बढ़ावा दिया जाए। दरअसल, होर्मुज जलमार्ग से वैश्विक जरूरत के बीस से पच्चीस प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति होती है। भारत भी उन देशों में शामिल है, जिनकी खासी निर्भरता वहां से आने वाले ऊर्जा स्रोतों पर है। यही वजह है कि ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही पर रोक लगाई है और उसके बाद अमेरिका ने नाकाबंदी की, तब से देश घरेलू गैस और पेट्रोल-डीजल की व्यापक कमी का सामना कर रहा है। यों इस बीच सरकार ने रूस से तेल खरीद के रास्ते तैयार करने की कोशिश की, लेकिन अमेरिका के रुख की वजह से उसमें भी कई अड़चनें पेश आ रही हैं। ऐसे में फिलहाल सबसे बेहतर उपाय यही है कि दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करने के लिए देश में ही वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का ढांचा तैयार किया जाए। इस लिहाज से देखें तो देश में बायोगैस सहित अन्य ऊर्जा स्रोतों की जमीन मजबूत होती है, तो यह न केवल तात्कालिक स्तर पर समस्या का सामना करने के लिहाज से महत्त्वपूर्ण होगा, बल्कि यह दूरगामी स्तर पर देश के व्यापक हित में होगा। पश्चिम एशिया में एक ओर अमेरिका के रुख तो दूसरी ओर ईरान के जवाबी रवैये की वजह से न केवल भारत, बल्कि दुनिया के बहुत सारे देशों के सामने संकट धीरे-धीरे गहरा रहा है। शायद इसीलिए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक ने दुनिया को यह चेतावनी दी है कि अगर होर्मुज जलमार्ग पूरी तरह और बिना किसी शर्त के जल्द नहीं खुला, तो दुनिया जल्दी ही 'रेड जोन' में प्रवेश कर सकती है, जहां तेल आपूर्ति सामान्य मांग को भी संभालने में पूरी तरह असमर्थ हो जाएगी। समस्या यह है कि एक ओर अमेरिका और इजराइल का सामना करने के क्रम में ईरान होर्मुज जलमार्ग को बाधित करने को एक कारगर रणनीति के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है और इसे खोलने के लिए अमेरिका के कदम पीछे हटाने की शर्त रख रहा है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है। इस क्षेत्र में तनाव की वजह से जहाजरानी गतिविधियों में लगातार मुश्किलें आ रही हैं। एक अधिकारी ने बताया कि होर्मुज जलमार्ग में अभी भी 14 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि अधिकारी होर्मुज और उसके आसपास की सुरक्षा स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं, इसी रास्ते से दुनिया की तेल आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा गुजरता है।

# भाई-बहन की बातचीत के बीच में कूदा पड़ोसी

## गलतफहमी में युवक पर चाकू से किया हमला

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र की ग्वाला कॉलोनी में आपसी बातचीत के दौरान पैदा हुई गलतफहमी ने एक खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। भाई-बहन के बीच हो रही सामान्य बहस को खुद पर समझकर एक सिरफिरे पड़ोसी ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना ग्वाला कॉलोनी की है। फरियादी रजनी पति दीपक तंवर अपने भाई राजा पिता भारत निर्गुड़े से किसी काम को लेकर थोड़ी ऊंची आवाज में बात कर रही थीं। इसी दौरान उनके पड़ोस में रहने वाला आरोपी रोहित पिता हरिप्रसाद अहिरवार वहां पहुंच गया। रोहित को गलतफहमी हुई कि राजा उसे गाली दे रहा है, जिस पर वह राजा से विवाद करने लगा। फरियादी रजनी ने पुलिस को बताया कि उसके भाई राजा ने तत्काल स्थिति को संभालते हुए आरोपी रोहित से कहा कि मैं तुझे कुछ नहीं बोल रहा हूं, मेरी बहन रजनी से बात कर रहा हूं, लेकिन आरोपी रोहित इतने में भी समझने को तैयार नहीं हुआ और राजा को गालियां देने लगा। जब राजा ने उसे गाली देने से मना किया, तो आरोपी रोहित ने तैश में आकर अपने पास रखा चाकू निकाला और राजा पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। चाकू के इस हमले में राजा के दाहिने हाथ की भुजा और कलाई के पास गहरे घाव हो गए।भाई को लहूलुहान देख जब बहन रजनी जोर-जोर से चिल्लाई, तो आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे। भीड़ बढ़ती देख आरोपी रोहित वहां से भागने लगा। जाते-जाते उसने पीड़ित परिवार को धमकी दी कि आज के बाद कभी कुछ बोला तो जान से खत्म कर दूंगा। वारदात के तुरंत बाद बदहवास बहन रजनी अपने घायल भाई राजा को इलाज के लिए शासकीय महाराजा यशवंतराव अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। तेजाजी नगर थाना पुलिस ने फरियादी रजनी की शिकायत पर आरोपी रोहित अहिरवार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# बिना अनुमति खनन करने के मामले में जमीन मालिक व एजेंट पर केस दर्ज

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में बिना अनुमति खनन करने के मामले में पुलिस ने जमीन मालिक और मशीन एजेंट के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मामला ग्राम मोरोद नेहरू क्षेत्र स्थित खसरा नम्बर 217/1 का है। देर रात हाजिरी ड्यूटी के दौरान पटवारी हल्का नंबर 2 की ओर से थाना में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन के परीक्षण में पाया गया कि संबंधित भूमि पर बिना वैधानिक अनुमति खनन कार्य कराया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में जमीन मालिक यशवंत पटेल निवासी ग्राम मोरोद नेहरूवन और मशीन एजेंट जितेंद्र राजपूत निवासी ग्राम कैलोद करताल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आम महोत्सव का लुत्फ जारी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** एसेंशिया लग्ज़री होटल में आम महोत्सव का आयोजन शुरू हो चुका है जो 31 मई तक चलेगा। यहां आम के अलग-अलग प्रकार दिखाई दे रहे हैं। यहां पर आम से तैयार पारंपरिक और आधुनिक व्यंजनों की विशेष श्रृंखला मेहमानों के लिए परोसी जा रही है। इसमें कच्चे आम के पनीर टिक्का, दही मैंगो कबाब, मैंगो चिली, मैंगो अचारी आलू, कच्चे करारी कबाब, बीटरूट मैंगो एंड पम्पकिन सीड्स, कॉर्न मैंगो सलाद, मैंगो आलू चना चाट और ट्रॉपिकल मैंगो एंड कूसकूस सलाद जैसे व्यंजन शामिल किए गए हैं। मेनकोर्स में मेहमानों को स्टफ्ड चुनाडा कोफ्ते इन ब्राउन ग्रेवी, दाल अमटी, मैंगो कोफ्ता करी और स्टीम फिश इन थाई मैंगो करी का स्वाद मिलेगा, जहां पारंपरिक मसालों के साथ आम की मिठास और खट्टेपन का संतुलित मेल देखने को मिल रहा हैं। डेज़र्ट सेक्शन को भी खास बनाया गया है, जिसमें मैंगो रोल, मैंगो श्रीखंड, आमरस, फ्रेश मैंगो गेटो, मैंगो बेक्ड योगर्ट, फ्रेश मैंगो पार्फे और मैंगो कैरामेल बिस्कॉफ गेटो परोसे जा रहे हैं। इसके साथ ही मैंगो चीज़केक, मैंगो रस मलाई, मैंगो फिरनी, मैंगो टार्ट, मैंगो मूस, मैंगो तिरामिसू और मैंगो मैकरॉन्स भी फेस्टिवल की मिठास बढ़ा रहे हैं। बेवरेजेस में आम पन्ना, मैंगो मोजिटो, मैंगो लस्सी और मैंगो बेसिल कूलर मेहमानों के लिए उपलब्ध हैं। वहीं कच्चे आम की चटनी, मीठा आम का अचार और मैंगो मिंट डिप जैसे पारंपरिक स्वाद भी मेन्यू का हिस्सा बनाए गए हैं।



# युवक के खाते से 7.19 लाख पार, बिना मैसेज आए उड़ाए पैसे

**इंदौर।** सराफा थाना क्षेत्र में एक युवक के बैंक खाते से 7.19 लाख रुपए निकलने का मामला सामने आया है। खास बात यह रही कि ट्रांजैक्शन के दौरान पीड़ित को किसी तरह का मैसेज या अलर्ट तक नहीं मिला। शक्कर बाजार में रहने वाले 19 वर्षीय वंश श्रीमाल ने पुलिस को की शिकायत में बताया कि उसके एसबीआई इतवारिया बाजार शाखा के खाते से 31 दिसंबर से 18 अप्रैल 2026 के बीच अलग-अलग यूपीआई आईडी के जरिए 7,19,088 रुपए निकाल लिए गए। उसे इसकी जानकारी तब लगी जब वह 23 अप्रैल को वाहन खरीदने के लिए बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पहुंचा। पीड़ित ने पुलिस को यह भी बताया कि उसके खाते से रकम निकलने के दौरान न तो मोबाइल पर मैसेज आया और न ही ईमेल अलर्ट मिला। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नाबालिग को एक्टिवा पर जबर्दस्ती बैठाकर ले जाने के बाद अश्लील हरकत

## दूसरी घटना में महिला को घूरकर देखा,फिर की झूमाझटकी

**इन्दौर।** छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र में महिला सुरक्षा को ठेंगा दिखाने वाले दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पहले मामले में एक बेखौफ बदमाश ने दिनदहाड़े एक नाबालिग लड़की को जबरन अपनी गाड़ी पर बैठाकर ले गया और उसके साथ छेड़छाड़ की। वहीं दूसरी घटना में एक महिला के साथ सरेराह पीछा कर झूमाझटकी और गाली-गलौज करने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छोटी ग्वालटोली पुलिस के मुताबिक, पहली वारदात क्षेत्र के व्यस्तम महू-पीथमपुर बस स्टॉप के पास घटित हुई। यहाँ से गुजर रही एक 15 वर्षीय नाबालिग पीड़िता को रास्ते में एक अज्ञात एक्टिवा सवार बदमाश अयाज़ खान निवासी बेकरी गली पाटनीपुरा ने घेर लिया। आरोपी ने नाबालिग लड़की को जबरदस्ती डरा-धमकाकर अपनी एक्टिवा गाड़ी पर बैठा लिया और उसे सुनसान जगह की ओर ले गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी रास्ते भर उसके साथ अश्लील हरकतें और छेड़खानी करता रहा। किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर बदहवास हालत में घर पहुँची पीड़िता ने परिजनों को अपने साथ हुई इस आपबीती की जानकारी दी। परिजन तुरंत बच्ची को लेकर थाने पहुँचे, जहाँ पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर अज्ञात एक्टिवा सवार आरोपी के खिलाफ अपहरण, छेड़खानी और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

*इसी थाने में दर्ज हुई दूसरी वारदात में पुलिस ने एक 30 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पर आरोपी गीतेश बग्गा निवासी कलाली मोहल्ला, छावनी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी गीतेश पिछले कुछ समय से उसे बुरी नीयत से घूरता था और परेशान करता था। कल जब महिला क्षेत्र से गुजर रही थी, तब आरोपी ने उसे रास्ते में रोक लिया और अभद्र गालियां देने लगा। महिला ने जब इसका कड़ा विरोध किया, तो आरोपी गीतेश ने उसके साथ सरेराह झूमाझटकी शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गया। जाते-जाते आरोपी ने महिला को समाज में बदनाम करने और जान से मारने की धौंस भी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।*

# मिर्ची के डिब्बे को लेकर विवाद, बहू ने सास को पीटा

**इंदौर।** क्षिप्रा थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बहू ने सास के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घटना शनिवार सुबह करीब 9 बजे ग्राम मैलकलमा की है। 55 वर्षीय भंवर बाई ने पुलिस को शिकायत में बताया कि मिर्ची का डिब्बा ले जाने की बात पर बहू कविता से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और मारपीट की। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी ने उसका कान खींच दिया, जिससे वह फट गया और खून निकलने लगा। साथ ही हाथ की उंगली व कलाई पर काट लिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कल जनप्रतिनिधि होंगे जल गंगा संवर्धन आयोजन में शामिल

## प्रभारी रहेंगे अपने-अपने क्षेत्रों में मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशमीं के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 25 मई को कार्यक्रम आयोजित होंगे। राज्य शासन ने समस्त जिलों में गंगा दशमी पर्व पर आयोजित गतिविधियों एवं कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले मुख्य अतिथियों की सूची जारी की है। इसके लिए मंत्रियों को भी निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचकर अपना दायित्व निभाना है। इन्दौर में भी सांसद,विधायक जल गंगा संवर्धन आयोजन में शामिल होंगे। इन्दौर में भी जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कल धार में और तुलसीराम सिलावट देवास में दायित्व निभाएंगे। सांसदों को भी जिम्मेदारी दी गई है। सांसद शंकर लालवानी को इन्दौर की जवाबदारी दी गई है।

# आप अब दिल्ली और पंजाब का मॉडल इंदौर में भी अपनाएगी

## बड़े स्तर पर होगा सदस्यता अभियान, सहप्रभारी की मौजूदगी में संगठन गतिविधि की रूपरेखा तय

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**



आम आदमी पार्टी के प्रदेश सहप्रभारी एवं दिल्ली पूर्व विधायक जय भगवान उपकार ने अपने पद का दायित्व विधानसभा 1 और 2 की बैठक में निभाया। मौजूद पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को उन्होंने संबोधित किया और कहा कि हमें म.प्र. के साथ इंदौर में भी दिल्ली-पंजाब के विकास का मॉडल अपनाना चाहिए। घर-घर तक आम आदमी पार्टी की बात पहुंचाना चाहिए। सबसे पहले आम लोगों को सदस्य बनाकर संगठन से जोड़ना चाहिए इसी से संगठन का विस्तार होगा। मौजूद पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने इसके लिए संकल्प भी लिया। अपनी चार दिवसीय यात्रा के पहले दिन ही आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में जोश भरा। आगे की रणनीति तय की। झोन उपाध्यक्ष कमल गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री अनुराग यादव, जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा, संगठन मंत्री मोहम्मद अशफाक, राकेश उपलावदिया ने भी संबोधन किया।

# गाय, बछड़े, पाड़े और ऊंट की कुर्बानी पर विहिप द्वारा प्रतिबंध की मांग

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

विश्व हिन्दू परिषद मालवा प्रांत से जुडे गौरक्षा प्रमुख योगेश होलानी, तन्त्र शर्मा सहित अन्य ने मांग की है कि अगले सप्ताह ईद आनी है इस पर कुर्बानी का आयोजन होता है। विहिप पदाधिकारियों ने कहा कि बकरीद के पूर्व गोवंश हत्या एवं गोवंश तस्करी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। हिन्दूवादियों ने सहयोगी संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देकर प्रदर्शन भी किया। ज्ञापन में ईद के मौके पर गाय, बछड़े, पाड़े और ऊंट की कुर्बानी पर तत्काल रोक लगाने और अन्य राज्यों की तरह कथित कुर्बानी को प्रतिबंधित करने की मांग की गई है और यह भी मांग की गई कि शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में खुलेआम कुर्बानी देने की प्रवृत्ति पर प्रतिबंध लगाने और दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। कार्यकर्ताओं ने गोवंश की रक्षा के नारे भी लगाए। ज्ञापन में बकरीद के अवसर पर वाहनों में ठूंस-ठूंसकर गोवंश को निर्दयतापूर्वक लाने ले जाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने की भी मांग की है। राजस्थान, महाराष्ट्र सरकार ने गौमाता को राजमाता का दर्जा दिया है उसी तरह मध्यप्रदेश में भी गोमाता को राज्यमाता का दर्जा देने की मांग की गई है।



## भार्गव का योगशाला शुभारंभ पर बोहरा समाजजनों ने किया स्वागत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ताहिरी मस्जिद परिसर जवाहर मार्ग में योग मित्र योगशाला बनाए जाने पर बोहरा समाजजन जिनमें महिलाएं भी थी उन्होंने महापौर सचिवालय पहुंचकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव का स्वागत किया।

# अपराधियों पर पुलिस का 'थर्ड आई' प्रहार

## देर रात ड्रोन पेट्रोलिंग और सरप्राइज चेकिंग, 462 गुंडे-बदमाशों पर गिरी गाज

**इन्दौर।** शहर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और असामाजिक तत्वों की कमर तोड़ने के लिए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने वीकेंड पर एक बार फिर ब्लाक स्तर पर बड़ी सरप्राइज चेकिंग और कॉम्बिंग गश्त की। बीती शाम से तड़के तक चले इस व्यापक अभियान में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों की अगुवाई में भारी पुलिस बल सड़कों पर उतरा। इस दौरान पुलिस ने संवेदनशील इलाकों, मल्टियों और शैडो एरिया में ड्रोन कैमरों से आसमान से भी पैनी नजर रखी। अभियान के तहत पुलिस ने सैकड़ों संदिग्धों को खंगाला, जिनमें से 462 कुख्यात गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त वैधानिक व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और देर रात हुड़दंग करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों और पब-बार के रास्तों पर ब्रीथ एनालाइजर के साथ चेकिंग पॉइंट लगाए थे। इस दौरान शराब के नशे में धुत होकर लापरवाही से वाहन चलाते मिले 176 वाहन चालकों को रंगे हाथों पकड़ा गया। इन सभी के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, शराब पीकर दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले चालकों के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### हथियार तस्करों और अवैध शराब पर शिकंजाः चंदन नगर में पकड़ाया आसिफ



हथियारों और नशीले पदार्थों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सफलता हासिल की। इस दौरान चंदन नगर थाना पुलिस टीम ने घेराबंदी कर शातिर आरोपी आसिफ खान को दबोचा, जिसके पास से एक अवैध देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा इसी थाने ने 51 क्वार्टर अवैध देशी शराब भी जब्त की। वहीं छत्रीपुरा पुलिस ने एक आरोपी को अवैध तलवार और सदर बाजार पुलिस ने एक शातिर बदमाश को धारदार चाकू के साथ दबोचकर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की। जबकि अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राजेंद्र नगर से 20 क्वार्टर और लसूडिया से 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों की खैर नहीं, 171 वारंट तामील

पुलिस ने पार्कों, सूनी सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वाले 09 आरोपियों को सरेराह शराब पीने के जुर्म में गिरफ्तार किया, जबकि अवैध मादक पदार्थ (गांजा) पीते हुए 04 आरोपियों को रंगे हाथों हिरासत में लिया गया। इसके अलावा, लंबे समय से कानून की आंख में धूल झोंक रहे अपराधियों पर नकेल कसते हुए पुलिस ने एक ही रात में रिकॉर्ड 171 वारंट तामील कराए। इनमें वर्षों से फरार चल रहे 35 स्थाई वारंट, 58 गिरफ्तारी वारंट और 78 जमानती वारंट शामिल हैं। साथ ही, 95 हिस्ट्रीशीटरों और चाकूबाजों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए बांड ओवर (समंस) कराया गया।

### ड्रोन और पैदल मार्च से हॉटस्पॉट की घेराबंदी

इस पूरी स्पेशल ड्राइव के दौरान पुलिस कमिश्नरेट ने आधुनिक तकनीक का बखूबी इस्तेमाल किया। शहर के चिन्हित हॉटस्पॉट, चाकूबाजी की घटनाओं वाले संवेदनशील क्षेत्रों, और तंग गलियों में ड्रोन पेट्रोलिंग के जरिए उपद्रवियों की टोह ली गई। खुद एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारियों ने फोर्स के साथ पैदल मार्च कर जिलाबदर अपराधियों, ड्रग पैडलर्स और महिला संबंधी अपराधों में संलिप्त रहे पुराने अपराधियों को थानों और उनके ठिकानों पर चेक किया। पुलिस ने सभी गुंडे-बदमाशों को दोटूक लहजे में चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, वाहनों में तोड़फोड़ या आगजनी में उनकी संलिप्तता पाई गई, तो उनके खिलाफ रासुका और जिलाबदर जैसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## शराब पीने के विवाद में बियर की बोतल मारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खजराना थाना क्षेत्र के बंगाली चौराहा स्थित शराब दुकान के समीप विवाद में कल बियर की बोतल मारने की बात सूत्रों ने बताई। यह भी कहा कि हथियार भी निकाले गए थे। इसके बाद शराब पी रहे लोगों में भगदड़ भी मची थी, पूरा मामला सीसीटीवी में कैद होने की बात बताई गई।

# स्पार्ट्न्स की जीत में तरनजीत सिंह का अर्धशतक

**इंदौर।** चढ़दी कला ट्रॉफी सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा का रोमांच चरम पर है। प्रतिदिन देर रात तक क्रिकेट के मुकाबलों का लुत्फ समाज और आस-पास के कालोनी के लोग ले रहे है। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने के लिए दूर-दूर से लोग आ रहे है। विष्णुपुरी के सचखंड मार्ग स्थित श्री गुरु अरजन देव जी खेल मैदान पर खेली जा रही इस स्पर्धा के छठें दिन हुए मुकाबले में स्पार्टन्स (चढ़दीकला) ने एसीई एलेवन को 14 रन से मात दी। पहले खेलेते हुए स्पार्टन्स ने 8 ओवर में 5 विकेट पर 130 रन बनाए। जिसमें तरनजीत संह ने 24 गेंदों में 52 रनों की धुआंधार पारी खेली। जिसमें उन्होंने 6 छक्के और 2 चौके लगाए। कंवलजीत सिंह ने 29 रनों का योगदान दिया। गगनपाल सिंह ने 21 रन बनाए। जवाब में एसीई इलेवन की टीम 1 विकेट पर 116 रन ही बना सकी। एसीई की टीम की ओर से कप्तान मनराज सिंह ने 51 और प्रभदीप सिंह ने 43 रनों की उम्दा पारियां खेली, लेकिन वे जीत नहीं दिला सके। मुकालबों के दौरान पहुंचे अमरजीत सिंह भाटिया, रणवीर संह बग्गा, नानुराम कुमावत, सुधा सुख्यानी, प्रीतपाल सिंह भाटिया, कैलाश पिपले, वकिल पठान, जसबीर सिंह गांधी, रवि तोमर, महेश बसवाल, उपस्थिच थे। अतिथियों का स्वागत हरपाल सिंह भाटिया, चरणजीत सिंह सैनी, हरप्रीत सिंह बक्शी, सुखजिंदर चहल ने किया।

# आईपीएल स्टार माधव होंगे उज्जैन फाल्कन्स का हिस्सा




**इंदौर।** इंदौर में होने वाली मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 के लिए उज्जैन फाल्कन्स ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें युवा ऑलराउंडर माधव तिवारी सबसे बड़े आकर्षण के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहे माधव तिवारी इस समय मध्य प्रदेश के सबसे चर्चित युवा क्रिकेटरों में से एक हैं। तेज गेंदबाजी करने वाले इस ऑलराउंडर ने अपनी प्रभावशाली गेंदबाजी और निडर बल्लेबाजी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। टीम को लेकर उज्जैन फाल्कन्स के प्रमोटर विनायक कालानी ने कहा कि, हम एमपीएल के लिए तैयार की गई अपनी टीम को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। माधव तिवारी ने हाल ही में उच्च स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। हमें विश्वास है कि वह इस सीजन में उज्जैन फाल्कन्स के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। हमारा लक्ष्य निडर क्रिकेट खेलना और पूरे टूर्नामेंट के दौरान प्रशंसकों को जश्न मनाने के भरपूर मौके देना है।

माधव के अलावा टीम में आर्यन पांडे, चंचल राठौर, अधीर प्रताप सिंह, यश दुबे, सोहम पटवर्धन, शुभम कुशवाह और हर्षवर्धन हार्डिया जैसे कई उभरते घरेलू खिलाड़ी भी शामिल हैं। टीम के मुख्य कोच कि कमान 17 फर्स्ट क्लास और 21 लिस्ट-ए मुकाबले खेलने वाले पूर्व मध्य प्रदेश क्रिकेटर सुनील धोलपुरे संभालेंगे। लीग में पुरुष टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले की शुरुआत 3 जून को इंदौर के प्रतिष्ठित होलकर स्टेडियम में फाल्कन्स और ग्वालियर चीता के बीच मुकाबले से होगी।

# 'तुम पर गर्व है बेटे...'

## पिता सचिन तेंदुलकर ने लिखा इमोशनल नोट

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स भले ही आईपीएल 2026 के प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई हो, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ सीजन के अपने आखिरी मुकाबले में उन्होंने क्रिकेट फैंस को एक बड़ा सरप्राइज दिया। लखनऊ ने इस मैच में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन तेंदुलकर को इस सीजन का पहला मैच खेलने का मौका दिया। पूरे सीजन बेंच पर बैठने के बाद मिले इस मौके को अर्जुन ने दोनों हाथों से लपका और शानदार गेंदबाजी की। बेटे के इस सब्र और प्रदर्शन को देखकर क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर काफी भावुक हो गए और उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अर्जुन के लिए एक बेहद दिल छू लेने वाला संदेश लिखा।



सचिन तेंदुलकर ने अर्जुन की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि अर्जुन ने इस पूरे सीजन में खुद को किस तरह संभाला। हमेशा अपनी काबिलियत पर भरोसा रखना, धैर्य बनाए रखना, चुपचाप कड़ी मेहनत करना और आखिरी मैच तक मौके का इंतजार करने के बावजूद सकारात्मक बने रहना वाकई काबिलेतारीफ है। सचिन ने आगे लिखा कि क्रिकेट आपके हुनर के साथ-साथ आपके धैर्य की भी उतनी ही परीक्षा लेता है और अर्जुन ने मैच में दोनों को बहुत खूबसूरती से संभाला। उन्होंने बेटे को सलाह दी कि अपने पैर हमेशा जमीन पर रखना और खेल से उसी तरह प्यार करते रहना जैसे वे हमेशा से करते आए हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने आखिरी लीग मैच में अर्जुन को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया, जहां उन्होंने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अपना योगदान दिया। पहली पारी में लखनऊ की तरफ से अर्जुन को अंत में बल्लेबाजी का मौका मिला, जहां उन्होंने 5 गेंदों पर 5 रन बनाए और लखनऊ को 196/6 के मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। इसके बाद जब वे गेंदबाजी करने आए, तो पावरप्ले के ठीक बाद कप्तान ऋषभ पंत ने उन्हें गेंद सौंपी। अर्जुन ने अपनी एक खतरनाक बाउंसर से पंजाब के इन-फॉर्म ओपनर प्रभसिमरन सिंह को पूरी तरह चकमा दे दिया था, लेकिन विकेट के पीछे खुद कप्तान ऋषभ पंत ने एक बेहद आसान कैच टपका दिया।

## न्यूज इन बॉक्स

### वियतनाम जाएंगे गौरव आर्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण में पदस्थ इंदौर के गौरव आर्य एशियाई कुश्ती में कोच बनकर वियतनाम में अपनी भूमिका निभाएंगे। गौरव आर्य ने लेवल-1,लेवल-2, लेवल-3 कोच की परिक्षाएं पास कर मध्यप्रदेश के पहले कोच बने। यह उनका कोच के रूप में पांचवा दौरा है। इसके पूर्व उजबेकिस्तान, रोमानिया, थाईलैंड, बहरीन जा चुके है।



### हॉकी फीडर सेंटर इंदौर एवं सांदीपनि अहिल्या आश्रम क्र.1 रहा विजेता

**इन्दौर।** ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर व हॉकी इंदौर एसोसिएशन द्वार स्थानीय चिमनबाग हॉकी मैदान पर आयोजित ओलंपियन मेजर ध्यानचंद सेवन साइडर जिला स्तरीय बालक व बालिकाओ की हॉकी स्पर्धा मे बालक वर्ग और बालिका वर्ग के फाइनल मैच खेले गए बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर एवं हॉकी फीडर सेंटर इंदौर के बीच बेहद संघर्षपूर्ण मैच खेला गया, जो निर्धारित समय तक 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद मुकाबले का फैसला टाई-ब्रेकर से हुआ, जिसमें हॉकी फीडर सेंटर इंदौर ने 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम की ओर से निखिल माथे ने निर्णायक गोल किया। बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में सांदीपनि अहिल्या आश्रम क्र.1 एवं हॉकी फीडर सेंटर के मध्य रोमांचक मैच खेला गया।

# ऋषभ पंत को फैंस से मांगनी पड़ी माफी

## एलएसजी से फिर मिली घर में हार

**लखनऊ।** आईपीएल 2026 के 68वें मुकाबले में शनिवार को इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स की टीमें आमने-सामने हैं। इस मुकाबले में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। प्लेऑफ की रेस से पहले ही बाहर हो चुकी लखनऊ की टीम अपने घर में सिर्फ सम्मान की लड़ाई लड़ने उतरी है, जबकि पंजाब किंग्स के लिए प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखने के लिहाज से यह मुकाबला करो या मरो का है। टॉस के दौरान लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत बेहद भावुक नजर आए और उन्होंने फ्रेंचाइजी के खराब प्रदर्शन के लिए फैंस से खुले मंच पर माफी मांगी।

ऋषभ पंत ने फैंस से मांगी माफी

टॉस हारने के बाद ऋषभ पंत ने माना कि वे भी यहां पहले गेंदबाजी करना पसंद करते, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने लखनऊ के फैंस का आभार व्यक्त किया और उनसे माफी मांगी। पंत ने कहा, यह हमारे लिए बेहद कठिन सीजन रहा है, लेकिन साथ ही एक टीम के रूप में और व्यक्तिगत तौर पर भी मुझे इससे बहुत कुछ सीखने को मिला है। मैं अपने फैंस से माफी मांगना चाहता हूं, जो पूरे उत्तर प्रदेश से हमारा समर्थन करने यहां आए हैं। हमारे लिए राह आसान नहीं रही, लेकिन हम मैच में अपना 100 प्रतिशत देंगे। पिच को लेकर पंत ने कहा कि यह विकेट क्रिकेट के लिए बेहतरीन है और यहां एक हाई-स्कोरिंग मैच देखने को मिल सकता है। लखनऊ ने इस मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन में दो बदलाव किए हैं, अर्जुन तेंदुलकर और अर्शिन कुलकर्णी को टीम में शामिल किया गया है। लखनऊ का लगातार तीसरे साल शर्मनाक प्रदर्शन




लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आईपीएल 2026 किसी बुरे सपने की तरह बीता है। बड़े-बड़े स्टार खिलाड़ियों से सजी होने के बावजूद पंत की अगुवाई वाली यह टीम 13 मैचों में सिर्फ 4 जीत हासिल कर सकी, जबकि उन्हें 9 मुकाबलों में करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। इस सीजन प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली लखनऊ पहली टीम थी। यह लगातार तीसरा साल है जब लखनऊ की टीम प्लेऑफ का टिकट हासिल करने में नाकाम रही है।

### विक्रम स्पोर्ट्स उप विजेता

**इंदौर।** खेड़ा माधव बड़नगर मे आयोजित राज्य स्तरीय 65 किलो कबड्डी प्रतियोगिता मे 40 टीमों ने भाग लिया, जिसमे विक्रम स्पोर्ट्स को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ । प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आयोजन समिति की टीम खेड़ा माधव और विक्रम स्पोर्ट्स के बीच खेला गया। फाइनल मैच फुल टाइम तक बराबरी पर रहा ,अंतिम निर्णय 5-5 रेड हुआ जिसमें खेड़ा माधव की टीम विजेता रही।विक्रम स्पोर्ट्स के गजेंद्र तोमर को सर्व श्रेष्ट कैचर का इनाम दिया गया टीम की इस उपलब्धि पर संस्था के राजू चौहान, अशोक मिश्रा, हरीश डागुर, राजू गौतम, मन्नालाल बिंदोरिया, सुनील ठाकुर, भागीरथ जरिया , लक्ष्मण गीते ने बधाई दी।



# फुटबॉल के समर कैंप का शुभारंभ

**इंदौर।** मां कनकेश्वरी स्पोर्ट्स अकैडमी एवं मालवा यूनाइटेड फुटबॉल क्लब इंदौर के तत्वाधान में फुटबॉल समर कैंप का शुभारंभ हुआ। जिले इंदौर जिला प्रभारी राकेश सिरसीया ने बताया कि यहां समझ के मैं इंदौर का सबसे बड़ा समय के रूप में आयोजित किया जाता है। बड़ी संख्या में बालिका एवं बालक ने भाग लेते हैं। इस समर कैंप में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट मेडल और ट्रॉफी से सम्मानित किया जाता है । शुभारंभ के मुख्य अतिथि नंद किशोर पहाड़िया एमआईसी मेंबर, भाजपा के खेल प्रकोष्ठ के सहसंयोजक बनवारी रायकवार द्वारा किया गया । इस अवसर पर संदीप गोड, अंकित चीराडे, अजय गुप्ता, विनीत मंडलोई, यश सिरसिया, अरसद अजीज, अंश सिरसीया, मानव चौहान, रोहन परदेसी, शामिल थे संचालक अंश सिरसीया ने किया अभार अंकित चीराडे माना।



# नकली किन्नर को असली किन्नरों ने पकड़कर जमकर सूत दिया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राऊ थाना क्षेत्र के शिवलोक कालोनी में कल रात किन्नरों को जानकारी मिलने के बाद कई किन्नर नकली किन्नर को पकड़ने पहुंच गए। लोगों से वसूली कर रहे एक युवक जो नकली किन्नर था उसे असली किन्नरों ने पकड़ लिया। पहले से वास्तविक किन्नरों को जानकारी मिल रही थी कि एक युवक किन्नर का रूप धारण कर लोगों से वसूली कर रहा है। असली किन्नर फिराक में ही थे और जब कल जानकारी मिली तो मौके पर पहुंचकर इन किन्नरों ने युवक को दबोच लिया और उससे पहले पूछताछ की और जब संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो नकली किन्नर की पिटाई कर दी गई। लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया, जिसे सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। बताया गया कि युवक महिलाओं जैसे कपड़े पहनकर किन्नर जैसी आवाज निकालकर लोगों को डराकर पैसे एठ रहा था, जिससे किन्नर समाज की छवि खराब हो रही थी। इस विवाद के बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची थी। अब मामले की पुलिस जांच कर रही है।

## ट्रक की टक्कर से कार सवार की मौत, तीन घायल

**इंदौर।** बड़गोंदा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि कार में सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए। घटना एबी रोड फोरलेन स्थित शक्ति कोल्ड स्टोर के पास की है। शनिवार देर रात एक अज्ञात ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार का संतुलन बिगड़ गया और वह दूसरी लेन में जाकर एक पिकअप से टकरा गई। हादसे में कार चला रहे कृष्णपाल सिंह तोमर को सीने सहित शरीर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं शोभना, भावना और मिथलेश को हाथ, पैर, कमर और पेट में चोटें आई हैं। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार को टक्कर मार पेड़ में जा घुसा टैंकर



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नगर निगम का एक टैंकर कार को टक्कर मारकर पेड़ से जा टकराया। टैंकर क्रमांक एमपी 46 ए 3216 निगम के पानी सप्लाय विभाग में अटैच है। कल रसोमा चौराहा के समीप यह टैंकर अनियंत्रित हो गया और एक कार को टक्कर मार दी। जिसके बाद टैंकर का एक टायर पेड़ पर टकराकर वहीं लटका नजर आया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची।

# मनप्पुरम फायनेंस की महिला लोन एजेन्ट ग्राहक के गहने लेकर फरार

### कम्पनी के साथ 20 लाख की धोखाधड़ी

**इन्दौर।** एमजी रोड थाना क्षेत्र के जवाहर मार्ग पर स्थित मनप्पुरम फाइनेंस की शाखा में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। कंपनी में ही काम करने वाली एक महिला लोन एजेंट ने ग्राहकों को गोल्ड लोन दिलवाने के नाम पर षड्यंत्र रचा और करीब 20 लाख रुपये मूल्य का सोना समेटकर चंपत हो गई। कंपनी की आंतरिक ऑडिट और जांच में खुलासा होने के बाद एमजी रोड थाना पुलिस ने आरोपी महिला एजेंट के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, यह पूरी वारदात जवाहर मार्ग स्थित मनप्पुरम फाइनेंस की शाखा में घटित हुई, जो मुख्य रूप से सोने के आभूषणों के बदले ऋण और अन्य वित्तीय सेवाएं प्रदान करती है। मामले में कंपनी के एरिया मैनेजर आशुतोष पिता बलराम पांडेय मूल निवासी फतेहपुर, बाराबंकी (यूपी) ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मैनेजर की रिपोर्ट पर पुलिस ने कंपनी की महिला लोन एजेंट सपना मालाकार निवासी खातीपुरा के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, आरोपी सपना मालाकार कंपनी में ग्राहकों को लोन स्वीकृत कराने और दस्तावेज प्रक्रिया पूरी करने का काम देखती थी। गत 22 मई को कंपनी के आंतरिक मूल्यांकन और खातों के मिलान के दौरान एक बड़ा अंतर सामने आया। बारीकी से की गई जांच में पता चला कि सपना ने कुछ ग्राहकों के लोन दिलवाने की प्रक्रिया के दौरान दस्तावेजों में हेरफेर किया। उसने सोची-समझी साजिश के तहत ग्राहकों द्वारा जमा कराए गए सोने को जालसाजी कर अपने कब्जे में ले लिया, जिसकी कुल कीमत लगभग 20 लाख रुपये आंकी गई है, और वह दफ्तर से गायब हो गई। मैनेजर आशुतोष पांडेय ने पुलिस को बताया कि इस हेराफेरी का पता चलते ही जब उन्होंने सपना से संपर्क करने का प्रयास किया, तो उसका मोबाइल फोन लगातार बंद आने लगा। जब उसके खातीपुरा स्थित निवास पर पता किया गया, तो वह वहां से भी नदारद मिली। इसके बाद कंपनी प्रबंधन ने कानूनी रुख अपनाते हुए पुलिस की शरण ली।

## घर के विवाद में महिला को पीटा

**इंदौर। क्षिप्रा थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन महिलाओं के खिलाफ केस** दर्ज किया है। घटना शनिवार विवेक नगर मांगलिया गांव की है। फरियादी शानू लश्करी ने पुलिस को की शिकायत में बताया कि आरोपी सोनी, ममता और नीलम ने उस पर परिवार में फूट डालने और घर बिकवाने के आरोप लगाते हुए गाली गलौच शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने झूमाझटकी करते हुए उसका हाथ मरोड़ दिया और जान से खत्म करने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# क्लब के बाहर जमकर चले लात-घूंसे

### बीच सडक पर आधी रात को तुकोगंज में भी मारपीट





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बीती रात शहर में दो जगह मारपीट का मामला सामने आया है। शहर की सडकों पर हाथापाई जैसे मामले लगातार सामने आ रहे है। इन मामलों में खास बात तो यह है कि लोग रोकने से ज्यादा इंट्रेस वीडियो बनाने में लेते है। दो जगह मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। तुकोगंज थाना क्षेत्र में रात करीब 2 बजे सडक पर विवाद का मामला सामने आया है। चार युवकों ने दो युवकों के साथ लात-घूंसे से मारपीट की है। वहीं लसूड़िया क्षेत्र के स्कीम नं. 78 फिरंगी क्लब के बाहर एक्टिवा सवार युवकों ने हंगामा किया। इन युवकों का विरोध करने पर मारपीट होने की जानकारी सामने आई है।

# प्रेम विवाह से नाराज साले ने साथियों के साथ मिलकर रोकी बस, चालक को चाकुओं से गोदा

**इन्दौर।** सांवेर थाना क्षेत्र में इंदौर-उज्जैन रोड पर बीती रात प्रेम विवाह की रंजिश को लेकर बाइक सवार तीन बदमाशों ने सवारियों से भरी एक चलती बस को जबरन रुकवाया। इसके बाद बदमाशों ने बस चालक को घेरकर उस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस अचानक हुए हमले से बस में बैठे यात्रियों में चीख-पुकार और हड़कंप मच गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

सांवेर पुलिस के मुताबिक, वारदात कल रात करीब 8 बजे इंदौर-उज्जैन मार्ग पर स्थित मामा-भांजे की दरगाह के पास हुई। मामले में घायल बस चालक दीपक पिता कमल सिंह मेवाड़ा है।वह मूल रूप से उज्जैन का निवासी है और वर्तमान में सूरज नगर इंदौर में रह रहा है।दीपक की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी दीपक ने पुलिस को बताया कि वह उज्जैन से सवारियां लेकर बस चलाते हुए इंदौर की तरफ आ रहा था। जैसे ही बस सांवेर इलाके में दरगाह के पास पहुँची, तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए तीन युवकों ने तेजी से ओवरटेक किया और बस के आगे अपनी बाइक आड़ी खड़ी कर रास्ता रोक दिया। दीपक ने जैसे ही इमरजेंसी ब्रेक लगाकर बस रोकी, तीनों आरोपी गाड़ी में चढ़ने की कोशिश करने लगे और उसे नीचे खींच लिया। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर धारदार चाकू निकालकर दीपक के दोनों पैरों पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। पुलिस पूछताछ में इस खूनी हमले के पीछे प्रेम प्रसंग और पारिवारिक रंजिश की बात सामने आई है। दीपक ने पुलिस को बताया कि उसने कुछ समय पहले मुख्य आरोपी सिद्धार्थ उर्फ सिद्धू की भाभी से प्रेम विवाह किया था। सिद्धार्थ और उसका परिवार इस शादी के सख्त खिलाफ थे और इसी बात को लेकर वे दीपक से रंजिश पाले हुए थे। बीती रात सिद्धार्थ ने अपने साथी विशाल और देवेंद्र सभी निवासी उज्जैन के साथ मिलकर दीपक की रेकी की और बस रोकने का समय तय कर इस पूरी वारदात को अंजाम दिया। सवारियों से भरी बस के सामने चालक पर हुए इस जानलेवा हमले को देख बस के भीतर मौजूद यात्रियों में दहशत फैल गई। बस के कंडक्टर और आसपास के राहगीरों ने जब हौसला दिखाकर शोर मचाया और आरोपियों को घेरने की कोशिश की, तो तीनों हमलावर दीपक को तड़पता छोड़ अपनी बाइक से उज्जैन की तरफ भाग निकले। भागते समय आरोपियों ने चिल्लाकर कहा कि आज तो बच गया, अगली बार जिंदा नहीं छोड़ेंगे।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।